
CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 17-01-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZJKT1 User: cci Time: 01-16-2026 23:02 Color:



सिर चकरा देगी वीर दास की यह खतरनाक जासूसी

देखें अंदर

NBT
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । शनिवार, 17 जनवरी 2026
गाज़ियाबाद Times
OF INDIA



लखनऊ ने जीती बास्केटबॉल चैंपियनशिप

देखें अंदर




CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 17-01-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAPG2 User: rahul.charas Time: 01-16-2026 22:52 Color:



## फटाफट खबरें

### श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह प्रसंग सुनाया



■ NBT न्यूज, लखुड़ : श्री मां मनसा देवी मंदिर जीर्णोद्धार के 16वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया। इस दौरान पूरा पंडाल मंगल गीतों और जयकारों से गूंज उठा साथ ही फूलों की वर्षा की गई और श्रद्धालुओं ने भगवान के विवाह में बाराती बनकर जमकर नृत्य किया। व्यास जी ने संदेश दिया कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में जीत सत्य और धर्म की ही होती है। कथा में महेश तोमर, शिवकुमार मित्तल, बिजेंद्र कसाना, अनुज मित्तल आदि मौजूद थे।

### 'प्रकृति सम्मान करना हर मानव का कर्तव्य है'


■ NBT रिपोर्ट, भोपुरा : भारत सिटी में चल रही भागवत कथा के पंचम दिवस पर धर्माचार्य अशोक कृष्ण महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पूजा के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। गोवर्धन पूजा के प्रसंग में धर्माचार्य अशोक महाराज ने प्रकृति के प्रति श्रद्धा, संरक्षण और आस्था का महान संदेश दिया। उन्होंने बताया कि प्रकृति ही जीवन का आधार है और उसका सम्मान करना प्रत्येक मानव का कर्तव्य है। महाराज ने कहा कि आज के समय में जब प्रकृति असंतुलन की स्थिति में है, तब गोवर्धन पूजा का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है।

### 88 जोड़ो ने साथ निभाने का किया वादा



■ NBT न्यूज, मुरादनगर : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खंड परिसर में 88 जोड़ों की शादी कराई गई। शादी समारोह में वर-वधु ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर अग्नि को साक्षी मानकर एक दूसरे का आजीवन साथ निभाने का वादा किया। शादी समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार प्रत्येक बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपये की सहायता देती है। इसका लाभ हर धर्म, जाति के लोग उठा रहे हैं। इस अवसर पर समारोह में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, राजीव त्यागी, संदीप चौधरी सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वदेशी संकल्प दिवस का किया आयोजन



■ NBT रिपोर्ट, साहिबाबाद : श्याम पार्क के लाजपत राय कॉलेज में शुक्रवार को स्वदेशी जागरण मंच की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वदेशी संकल्प दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्टूडेंट्स ने स्वदेशी के लिए दौड़ रखी गई। इसमें युवाओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज में शिक्षकों की स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ. चारु शर्मा, सौरभ, अजीत, अमन साहू और डॉ. संजीव मौजूद रहे। कॉलेज मैनेजमेंट टीम की ओर से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आवश्यक कदम बताया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### आधार कार्ड कैंप का लोगों ने उठाया लाभ

■ NBT न्यूज, विजयनगर : रोजबेल पब्लिक स्कूल में डाक विभाग व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय आधार कार्ड कैंप के पहले दिन 300 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। उन्होंने अपने नेत्रों की निशुल्क जांच भी कराई। कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा, पार्षद कन्हैयालाल, स्कूल की प्रधानाचार्य धर्मजीत कौर, सरदार बलप्रीत सिंह, बालकिशन गुप्ता व पंडित अशोक भारतीय ने किया। कैंप में 18 वर्ष तक की आयु के नए आधार कार्ड बनाने के साथ 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

### जांच शिविर का किया आयोजन

■ NBT न्यूज गाजियाबाद : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजियाबाद महानगर की ओर से स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष में आयोजित युवा उत्सव के तहत शंभू दयाल डिग्री कॉलेज में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने जांच कराई। शिविर का उद्घाटन संदीप कुमार, डॉ रोजना मित्तल व इकाई अध्यक्ष अनिल नागर ने किया। संगठन मंत्री अनुज श्रीवास्तव, प्रांत मीडिया संयोजक तनिक सिसोदिया, महानगर मंत्री तुषार बैसला, नितिन झा, आकाश बैसला आदि भी मौजूद रहे।

### दुलारी सेवा समिति का मकर संक्रांति उत्सव

■ NBT रिपोर्ट, साहिबाबाद : राजेंद्र नगर में दुलारी सामाजिक सेवा समिति की अध्यक्ष राधिका शर्मा ने अपने जन्मदिन पर भजन कीर्तन के साथ खिचड़ी प्रसाद भंडारा वितरण कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ खास प्रस्तुति दी गई। अध्यक्ष राधिका ने सभी प्रमुख भजन गायक सरस्वती गौड़, सुषमा गौड़, डॉक्टर संध्या शर्मा, ममता गुप्ता, कुसुम शर्मा को पीले दुपट्टे पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में गजक, मूंगफली, मिठाई, फल के साथ- साथ खिचड़ी का प्रसाद भंडारा बांटा गया। मौके पर मीनाक्षी शर्मा, सुधा श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

### लखनऊ ने जीती बास्केटबॉल चैंपियनशिप



■ NBT न्यूज, शास्त्रीनगर : नेहरू वर्ल्ड स्कूल में आयोजित सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप लखनऊ ने जीत ली। वहीं गाजियाबाद को तीसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा। सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल व विशिष्ट अतिथि जेकेजी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन जेके गौड़ ने किया। पुरुष वर्ग के फाइनल में लखनऊ ने अलीगढ़ को हराया। महिला वर्ग के फाइनल में यूपी पुलिस ने नार्थ ईस्ट रेलवे को हराया। तीसरा स्थान बाराबंकी जनपद की टीम को प्राप्त हुआ। चैंपियनशिप से पुरुष व महिला टीम का चयन नैशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।

# ठंड व पलूशन की वजह से बढ़ रही सांस के मरीजों की संख्या

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की अडवाइजरी, एक हफ्ते बाद बारिश होने के आसार

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए



हर 10 मरीजों में से 7 मरीजों को करना पड़ रहा है अस्पताल में भर्ती

**मकर संक्रांति** बीतने के बाद भी लोगों को सर्दी और फॉग से राहत नहीं मिल रही है। शुक्रवार को गाजियाबाद का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज हुआ। धूप निकलने से लोगों को राहत तो मिली लेकिन पलूशन में इजाफा हो गया। ठंड और पलूशन के कारण श्वास और बुखार के साथ ही निमोनिया के रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने दूसरी बार एडवाइजरी जारी की है।

> गाजियाबाद का एक्यूआई 376, लोनी का 402 और इंदिरापुरम का 335 दर्ज किया गया है

मौसम विभाग ने गाजियाबाद का एक्यूआई 376 खराब श्रेणी में दर्ज किया है। इसके अलावा लोनी में 402, संजय नगर में 342 और इंदिरापुरम में 335 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया। यूपीपीसीबी के के अनुसार ठंड के साथ हवा भी चल रही थी इसके कारण एक्यूआई पिछले दो तीन दिन से कम था। अचानक से हवा रुकने के कारण एक्यूआई बढ़ गया। वहीं भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार आने वाले एक हफ्ते बाद ही लोगों को बारिश का भी सामना करना पड़ेगा।

### बढ़ती ठंड सांस के मरीजों पर पड़ रही भारी

शहर में गिरते तापमान के साथ सांस, अस्थमा और निमोनिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिले के दोनों बड़े अस्पतालों में हर 10 मरीजों में से 7 को भर्ती करना पड़ रहा है। पहले जहां प्रतिदिन 90 से 100 मरीज पहुंच रहे थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 140 से 150 हो गई है। हालात को देखते हुए अस्पतालों में कोल्ड वार्ड में बेड की संख्या बढ़ा दी गई है। एमएमजी अस्पताल में प्रतिदिन 90 से 95 और संयुक्त अस्पताल में 50 से 55 मरीज भर्ती किए जाते हैं। संयुक्त अस्पताल के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन करीब 140 से 150 मरीज सांस संबंधी समस्या लेकर पहुंच रहे हैं, जिनमें से लगभग 30 मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। वहीं एमएमजी अस्पताल के जनरल फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ हवा में नमी और प्रदूषण के कण ज्यादा समय तक बने रहते हैं, जिससे सांस की नली में सूजन और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, बच्चों और पहले से सांस या हृदय रोग से ग्रसित मरीजों पर पड़ रहा है।

### बच्चों का रखें खास ख्याल


बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि बच्चों में निमोनिया के मामलों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। प्रतिदिन 20 से 22 बच्चों को भर्ती किया जा रहा है। इनमें से करीब 45 बच्चों को भाप दी जा रही है। निमोनिया के कारण बमेटा से आई 6 माह की बच्ची शिवानी की गुरुवार को मौत हो गई। वहीं, रविवार को 2 साल के शौर्य की भी निमोनिया के कारण मौत हो गई। हालांकि उसकी मौत अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई थी, जिसकी परिजनों ने पुष्टि की है।

### CMO ने दी सलाह

सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि मरीजों को सर्दी से बचने की सलाह दी जा रही है। इमरजेंसी और वार्ड में ऑक्सीजन सपोर्ट, नेबुलाइजेशन और दवाओं की उपलब्धता बढ़ाई गई है। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। उन्होंने लोगों से ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, सुबह-शाम ठंडी हवा और कोहरे में बाहर निकलने से बचने, धूम्रपान न करने और सांस की समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की अपील की है।

# इमारत तो बनी, लेकिन लैब में नहीं आई मशीन

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद



**संजय नगर** स्थित संयुक्त अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए इंटीग्रेटेड लैब बनाई जा रही है। इसके लिए भवन तो तैयार हो चुका है, लेकिन जांच के लिए मशीनें अब तक नहीं आई हैं, जिसके कारण मरीजों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। अगर लैब शुरू हो जाती तो अस्पताल में आने वाले प्रतिदिन करीब 1000 से अधिक मरीजों को आधुनिक जांच सुविधा मिल सकेगी।

अस्पताल में प्रतिदिन 200 से 250 टेस्ट किए जाते हैं, लेकिन लैब के शुरू होने से करीब 25 प्रतिशत तक टेस्ट की संख्या बढ़ सकती थी। इसमें हार्मोनल टेस्ट, थायराइड, पीएसए (प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन) सहित कई आधुनिक जांच सुविधाएं शुरू की जानी थी। बेहतर जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 90 लाख रुपये की लागत से लैब का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य एक निजी संस्था द्वारा किया जा रहा है, जिसे एक महीने में पूरा किया जाना था, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी काम पूरा नहीं हो सका है। अतिरिक्त जांच के लिए सीएमओ स्तर से एक टेक्नीशियन की तैनाती भी की गई है, लेकिन मशीनों की खरीद और इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। संयुक्त अस्पताल के सीएमएस संजय गुप्ता ने बताया कि मशीनों की खरीद से जुड़ी प्रक्रिया उच्च स्तर पर चल रही है। बजट आवंटन, टेंडर और सप्लाई से संबंधित औपचारिकताओं के कारण देरी हो रही है। उम्मीद है कि जल्द ही मशीनें उपलब्ध कराकर लैब को शुरू किया जाएगा।

### फंड नहीं मिलने पर रुका अस्पताल का काम

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : जिला एमएमजी अस्पताल में 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट तैयार की जा रही है, जिसका काम दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाना था। लेकिन पूरा फंड न आने के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। परियोजना को पूरा करने के लिए 34 करोड़ रुपये की लागत तय की गई थी, लेकिन अब तक केवल 17 लाख रुपये ही जारी हो सका है। समय पर धनराशि न मिलने के कारण निर्माण एजेंसी ने काम को बीच में ही रोक दिया।

एमएमजी अस्पताल के सीएमएस राकेश कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा करने के लिए मार्च तक का समय मांगा गया था, लेकिन फंड न मिलने के चलते काम बीच में छोड़ना पड़ा है। इसके लिए कई बार पत्र भी लिखे गए हैं।

# कड़ाके की ठंड में बिजली कटौती से परेशान हुए शालीमार गार्डन के लोग

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, साहिबाबाद : शालीमार गार्डन की ब्लॉक 21 मेन रोड सेक्टर-2 में बिजली विभाग की तरफ से पुराने और जर्जर खंभों को बदलने का काम शुक्रवार सुबह से किया गया। इस काम के चलते क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुबह से दोपहर करीब 2 बजे तक पूरी तरह बंद रही, जिससे हजारों घरों के लोग परेशान नजर आए। बिजली विभाग के मुताबिक, सुरक्षा की दृष्टि से पुराने और खराब खंभों को बदलना जरूरी है, लेकिन स्थानीय निवासियों ने कहा कि बिना सूचना के लंबे समय तक बिजली कटौती से उनकी दिनचर्या बिगड़ गई है। खासकर ऑफिस जाने वाले लोगों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। क्षेत्र की महिलाओं ने बताया कि सर्दी के मौसम में गर्म पानी के लिए हीटर नहीं चल पाए, कपड़े धोने की मशीनें बंद रहीं और अन्य जरूरी घरेलू काम ठप हो गए। सुबह करीब 10 बजे से लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे, लेकिन सूचना मिलने तक एक बजकर 45 मिनट तक भी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। बिजली विभाग के एसडीओ शालीमार गार्डन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, बिजली सप्लाई दोपहर 2 बजे तक बहाल कर दी गई थी।

### बिजली आपूर्ति करने में विद्युत निगम हुआ फेल

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : गर्मी तो दूर, सर्दी के दिनों में भी विद्युत निगम गांव से लेकर शहर तक निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति करने में फेल हो रहा है। लोगों को रोजाना बिजली कटौती से जूझना पड़ रहा है। विद्युत निगम द्वारा सुधार कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, इसके बावजूद लोगों को बिजली कटौती की समस्या कम नहीं हो रही है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के तय रोस्टर के अनुसार शहरी क्षेत्र में 24 घंटे, तहसील क्षेत्र में 23 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 17 घंटे बिजली आपूर्ति की जानी है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में 20 से 21 घंटे, तहसील क्षेत्रों में 18 से 20 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 14 से 15 घंटे तक ही बिजली की आपूर्ति हो रही है। सुबह के समय बिजली कटौती होने से सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। इससे घरों में पानी की सप्लाई बाधित हो रही है, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शुक्रवार को मानसरोवर पार्क में 3 घंटे, क्रिश्चियन नगर बाग में 5 घंटे, प्रताप विहार में 4.5 घंटे, कैला भट्ठा में 5 घंटे तथा इस्लाम नगर और जसी पुरा में 4 घंटे तक बिजली कटौती हुई।

# पानी जांच के लिए निगम बनाएगा अपनी लैब

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद



**नगर निगम** के पास जल्द ही पानी की जांच के लिए अपनी लैब होगी। फिलहाल निगम कमला नेहरू नगर स्थित एनबीएल से प्रमाणित सेंट्रल लैब से पानी की जांच कराता है। पूरी वाटर प्रोफाइल की जांच के लिए एक सैंपल के लिए करीब 8 से 10 हजार रुपये का खर्च आता है। खर्च अधिक होने के कारण पूरे साल में मुश्किल से 50 से 60 सैंपल की ही जांच हो पाती है। इससे शहर में सप्लाई होने वाले पानी की गुणवत्ता पर नियमित निगरानी रखना चुनौती बना हुआ है। इस परेशानी को दूर करने और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के लिए निगम अपनी लैब बनाने की तैयारी कर रहा है। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

नगर निगम के जलकल विभाग के महाप्रबंधक केपी आनंद ने बताया कि प्रस्तावित लैब के लिए करीब 2 कमरों की जगह के अलावा जरूरी उपकरणों की आवश्यकता होगी। इस पर लगभग 2 करोड़ 30 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा। इसके बाद पानी की नियमित जांच संभव हो सकेगी और कम समय के साथ खर्च भी कम ही होगा। हालांकि साधारण जांच के लिए राज्य सरकार की दो लैब हैं। इसमें एक एमएमजी हॉस्पिटल और दूसरी सीएमओ ऑफिस में है।

**किट की जांच में सिर्फ क्लोरीन की मात्रा पता चलती है :** नगर निगम स्तर पर जो रुटीन पानी की सैंपलिंग की जाती है उसमें मुख्य रूप से केवल क्लोरीन की मात्रा की जांच होती है। इससे यह देखा जाता है कि सप्लाई किए जा रहे पानी में कीटाणुनाशक क्लोरीन तय मानक के अनुसार है या नहीं। यह जांच पानी किट से होती है। हालांकि इस रुटीन जांच में पानी में मौजूद जहरीले तत्व और बैक्टीरियल एलिमेंट की जांच नहीं हो पाती है। वहीं, जब सैंपल को लैब में भेजा जाता है तो वहां पूरी वाटर प्रोफाइल की जांच की जाती है।

# हाथी पार्क की पानी टंकी में लीकेज, हो सकता है हादसा

■ NBT रिपोर्ट, इंदिरापुरम : इंदिरापुरम के हाथी पार्क के पास जल निगम की बड़ी पानी की टंकी पिछले लंबे समय से लगातार लीक हो रही है। इससे यहां के लोगों में गंभीर चिंता और आक्रोश बढ़ रहा है। दिन-रात टंकी के ऊपर से पानी रिसकर नीचे गिर रहा है, जिससे न केवल टंकी कमजोर हो रही है, बल्कि आसपास की सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। निवासियों ने कहा कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जर्जर टंकी गिरने से जान माल की हानि भी हो सकती है। निवासियों के अनुसार, यह टंकी नगर निगम की ओर से संचालित है और इसी से आसपास के इलाकों में पानी की आपूर्ति की जाती है लेकिन स्थिति यह है कि लोगों को पहले ही आधा-अधूरा पानी मिल रहा है और ऊपर से टंकी में भारी लीकेज के कारण बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। इससे न केवल पानी की किल्लत बढ़ रही है, जबकि टंकी के पिलर भी लगातार कमजोर हो रहे हैं। इस पर जलकल से जेई सोमेंद्र तोमर ने कहा कि यहां पर टीम को निरीक्षण के लिए भेजा जाएगा और जल्द मरम्मत कार्य करवाया जाएगा।

# छात्रवृत्ति के नियमों में हुआ बदलाव

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति व सामान्य वर्ग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की नियमावली में बदलाव किया गया है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की ओर से नियमावली में हुए बदलाव से सभी कॉलेजों को अवगत कराया है। यूनिवर्सिटी के उप कुलसचिव के अनुसार निजी संस्थानों में व्यवसायिक, तकनीकी पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग में प्रवेश हेतु नैशनल व स्टेट स्तरीय प्रवेश परीक्षा से अलग प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं को पारदर्शी तरीके से प्रवेश दिया गया है तो वे दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। पारदर्शी तरीकों में विज्ञापनों के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना, रैंक तैयार करना व योग्यता के आधार पर छात्रों का चयन करना शामिल है।

# कंपाउंड 38 में गेट लगाने के लिए यूपीसीडा से मांगी अनुमति

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया कम्पाउंड 38 में कुछ दिन पहले एक गेट लगाने के बाद हुए विवाद का मामला इतने दिन बीतने के बाद अब उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल अथॉरिटी यूपीसीडा तक पहुंच चुका है। यूपीसीडा को श्री बालाजी इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स एसोसिएशन की तरफ से लिखे पत्र में कहा है कि बालाजी इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स जो कम्पाउंड 9 में पड़ता है, वहां के परिसर में किसी भी तरह के प्रवेश द्वार के पास गेट नहीं बना है। इस कारण रात होते ही परिसर के अंदर असामाजिक नशीली दवाओं, शराब आदि का सेवन करते हैं। वहीं, ट्रक, ट्रैक्टर, ट्रॉलियां पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए परिसर में आकर गाड़ी खड़ी करते हैं। इस कारण यहां पर एक सड़क हादसा भी हो चुका है। इसलिए उद्यमी चाहते हैं कि इस परिसर में प्रवेश द्वार लगाने की अनुमति दी जाए, ताकि यहां की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। क्योंकि यहां पर पहले कई बार चोरियां भी हो चुकी हैं। वहीं, इस पूरे मामले में यूपीसीडा के आरएम प्रदीप सत्यार्थी ने बताया कि उनके पास लिखित में शिकायत आई है। इस पूरे मामले में यह सर्वे किया जाएगा कि प्रवेश द्वार बनाना संभव है या नहीं उसके बाद ही प्रवेश द्वार के पास गेट लगाने की अनुमति दी जाएगी।

> प्रवेश द्वार के पास गेट नहीं है, इस कारण रात को परिसर के अंदर असामाजिक तत्व शराब पीते हैं


# मतदाता सूची में नियमों का पालन न करने का आरोप

■ NBT न्यूज गाजियाबाद : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद ने शिक्षक और स्नातक निर्वाचन मतदाता सूची में संवैधानिक नियमों की धज्जियां उड़ाए जाने का आरोप लगाया है। संस्था ने इस मामले में मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कार्रवाई की मांग की है। मांग को लेकर शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय के माध्यम से निर्वाचन आयोग को ज्ञापन भी भेजा गया। ज्ञापन में कार्रवाई न होने पर शिक्षकों की ओर से आंदोलन करने और जरूरत पड़ने पर शिक्षक और स्नातक चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी भी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में संस्था के जिलाध्यक्ष विनोद सिंह यादव, जिला मंत्री महेंद्र सिंह नागर, जिला संयोजक राजीव त्यागी आदि शामिल थे।

# फुटपाथ पर बसों का कब्ज़ा, सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : ट्रांस हिंडन में फुटपाथ पर निजी स्कूल बसों और प्राइवेट बस ओनर्स की ओर से किए जा रहे अवैध कब्जे को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। पैदल चलने वालों के लिए बने फुटपाथ पर बसें खड़ी करने से आम लोगों का चलना मुश्किल हो गया है, जिसके विरोध में निवासियों ने सोशल मीडिया पर दूसरे दिन भी मोर्चा खोल दिया है। लोगों ने तस्वीरें और विडियो साझा करते हुए प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस पर सवाल उठाए। शुक्रवार को लोगों ने इंदिरापुरम के हालात दिखाए और यहां पर फोटो के माध्यम से बताया कि साइकल ट्रैक को भी बसों की पार्किंग के लिए तोड़ा जा चुका है। वहीं, निवासियों ने पोस्ट के माध्यम से दिखाया कि इंदिरापुरम में कई जगहों पर फुटपाथ पूरी तरह से बसों से घिरा हुआ है, जिस कारण बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सड़क पर चलने को मजबूर हैं। इससे हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। पिछले दिनों वसुंधरा और वैशाली के लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर पोस्ट करते हुए ट्रैफिक प्रशासन, नगर निगम और स्थानीय अधिकारियों को टैग किया था। प्रशासन की ओर से जल्द कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन शुक्रवार को भी मौके पर कोई कदम नहीं उठाया गया।

> लोगों ने तस्वीरें और विडियो साझा करते हुए प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस पर सवाल उठाए




**PPL** पार्श्वनाथ पैराडाइज सोसायटी में क्रिकेट प्रीमियम लीग का शानदार आगाज

# बच्चों से लेकर बड़ों तक दिखा खेल का जुनून

Ila.Srivastava
@timesofindia.com



■ **मोहन नगर :** सोसायटी के बच्चों और निवासियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से पार्श्वनाथ पैराडाइज सोसायटी में पार्श्वनाथ प्रीमियर लीग (PPL) सीजन-1 का शुभारंभ किया। इस लीग में 8 वर्ष से लेकर 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। 14 जनवरी को शुरू हुई इस लीग का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद सचिन डागर ने किया। इस सफल आयोजन के पीछे आयोजन समिति के सदस्यों अमरदीप सोम, कपिल सोम, आदित्य राज, सचिन सक्सेना, विकास शर्मा और तनिष सक्सेना का महत्वपूर्ण योगदान है, जिन्होंने व्यवस्थाओं को बेहतरीन ढंग से संभाला। लोगों को अब रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले का इंतजार है।

### बच्चों के मुकाबलों में दिखी जबरदस्त खेल भावना

ग्रुप-1 में 8–13 साल तक के बच्चों के मुकाबले खेले गए, जिनमें लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया। लीग के तहत हर टीम में 8 खिलाड़ी शामिल हैं और मैच 10–10 ओवर के खेले जा रहे हैं। आयोजक अमरदीप सोम और आदित्य राज ने बताया कि बच्चों की लीग के सभी मुकाबले पूरे हो चुके हैं। फाइनल मुकाबला रविवार को Unbeatable Rivals (दक्ष) और Thunder Warriors (अंश) के बीच खेला जाएगा।


### रोमांचक मुकाबलों ने बढ़ाया उत्साह

पार्श्वनाथ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए उद्घाटन मुकाबले में TITENS और HITTERS आमने-सामने रहे। टॉस जीतकर TITENS के कप्तान सचिन सक्सेना ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। HITTERS की टीम 10 ओवर में 68 रन पर सिमट गई, जिसे TITENS ने 9.4 ओवर में हासिल कर लिया। अमित ने 3 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। वहीं 15 जनवरी को खेले गए नाइट मैच में टीम नं. 1 TITANS ने टीम नं. 8 HITTERS को रोमांचक मुकाबले में 1 विकेट से हराया। इस मैच में अमित अग्रवाल मैन ऑफ द मैच और निखिल फाइटर ऑफ द मैच रहे। कुल तीन में 24 खिलाड़ियों की भागीदारी रही। तीनों ग्रुप का फाइनल मुकाबला रविवार को होगा।

# 55 हज़ार करोड़ फंसे, 15 बड़े बिल्डरों पर हो सकता है एक्शन

pravesh.singh
@timesofindia.com

■ **नोएडा :** जेपी ग्रुप और सुरक्षा समूह पर सख्ती के बाद नोएडा के 15 और बिल्डर आर्थिक अपराध शाखा (EOW) के रडार पर हैं। नोएडा अथॉरिटी की ओर से EOW में इनके खिलाफ भेजी गई रिपोर्ट पर जांच पूरी हो चुकी है और अब कई पर कार्रवाई होने की तैयारी शुरू हो गई है। जांच के दौरान अथॉरिटी से जो दस्तावेज EOW ने इन बिल्डरों व इनके प्रोजेक्टों के संबंध में मांगे थे। वह सब नोएडा अथॉरिटी ने भेज दिए हैं जिसके चलते अब किसी भी दिन इन बिल्डरों पर गाज गिर सकती है। इन 15 प्रोजेक्टों में नोएडा अथॉरिटी का करीब 55 हजार करोड़ रुपया फंसा हुआ है और शहर में 25 से 30 हजार बायर्स इन प्रोजेक्टों में फंसे हुए हैं। केंद्र की अमिताभ कांत पॉलिसी को इसीलिए प्रदेश सरकार ने लागू किया था ताकि ज्यादा से ज्यादा फंसे हुए प्रोजेक्टों को रिवाइव किया जा सके। बावजूद इसके लिए इस पॉलिसी के लागू होने के बाद भी जिन बिल्डरों ने प्रोजेक्ट के रिवाइव करने में कोई रुचि नहीं दिखाई। नोएडा अथॉरिटी ने इनके खिलाफ ईओडब्ल्यू में रिपोर्ट भेजी थी। इनमें से कई बिल्डरों पर मुकदमा दर्ज हो चुका है। कुछ की जांच चल रही थी।



नोएडा अथॉरिटी की ओर से EOW में भेजी गई रिपोर्ट पर जांच पूरी

जांच के दौरान अथॉरिटी ने EOW को सौंपे थे सारे दस्तावेज

प्रोजेक्ट को रिवाइव करने में कोई रुचि नहीं दिखाई गई

"इन सभी बिल्डर व उनके संबंधित प्रोजेक्ट को लेकर नोएडा अथॉरिटी ने ईओडब्ल्यू में रिपोर्ट भेजी थी। जिसकी जांच के दौरान अथॉरिटी से जो दस्तावेज मांगे गए थे, वह सभी अथॉरिटी ने उपलब्ध करा दिए हैं। करीब 55 हजार करोड़ अथॉरिटी का इन बिल्डरों पर फंसा हुआ है और हजारों बायर्स संघर्ष कर रहे हैं। **- क्रांति शेखर, ओएसडी, नोएडा अथॉरिटी**

1. इन प्रोजेक्ट्स में नोएडा अथॉरिटी का करीब 55 हजार करोड़ रुपया फंसा
2. शहर में 25से 30 हजार बायर्स कर रहे अपने घरों का इंतजार



### फंड दूसरी जगह लगाने के आरोप

इनमें अधिकतर बिल्डरों पर फंड डायवर्जन का आरोप है जिसके चलते इनके प्रोजेक्ट फंस गए हैं। यानि संबंधित प्रोजेक्ट का पैसा उसी प्रोजेक्ट में न लगाकर किसी दूसरी कंपनी या प्रोजेक्ट में इन बिल्डरों ने लगा दिया है और संबंधित प्रोजेक्ट उसकी वजह से फंस गया है। जिनमें कि 25-30 हजार बायर्स फंसे हैं और नोएडा अथॉरिटी का भी करीब 55 हजार करोड़ इन बिल्डरों पर फंसा हुआ है।

### इन बिल्डरों की रिपोर्ट भेजी गई

किंडले इंफ्राबिल्ड्स लि, अर्थटेक कांट्रेक्टर्स लि, आईडीआई प्राइम, अवंतिका डवलपर एंड प्रमोटर्स, लॉजिक्स सिटी डवलपर्स, ट्रूडे होम्स नोएडा लि, जीएसएस प्रोकॉन, हैनाअट मेट प्रा. लि, हैबाइट, शुभकामना बिल्डटेक प्रा. लि सिक्का इंफ्रास्ट्रक्चर लि, सनसाइन इंफ्राबेल लि, महागुन रियल एस्टेट लि, टीजीबी इंफ्रास्ट्रक्चर लि, किंडले इंफ्राहाइट्स लि.।

## फटाफट खबरें

### कुंडल झपटकर बाइक सवार फरार

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना धौलाना क्षेत्र में मंदिर से लौट रही महिला के कुंडल लूटकर बाइकसवार बदमाश फरार हो गए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव हसनपुर लोढ़ा निवासी कमलेश मंदिर से पूजा कर पैदल ही घर लौट रही थी। गांव बछावड़ की ओर जाने वाले रास्ते पर पीछे से आए बाइक सवार बदमाश कानों से कुंडल खींचकर फरार हो गए। झपट्टे के कारण उसके कान फट गए। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीटेक छात्र लापता, पुलिस जांच में जुटी

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : नगर की बैंक कॉलोनी निवासी बीटेक छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जता थाने में तहरीर दी है। पुलिस छात्र की तलाश कर रही है। नगर की बैंक कॉलोनी निवासी अनुराग वत्स का 20 वर्षीय बेटा सौम्य वत्स गाजियाबाद स्थित एक निजी कॉलेज में बीटेक का छात्र है। गुरुवार को वह कॉलेज गया था, लेकिन शाम वापस नहीं आया। जानकारी करने पर पता चला कि वह कॉलेज भी नहीं गया था।

### दबंगों ने पड़ोसी पर किया ईंट से हमला

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : साहिबाबाद क्षेत्र के अर्थला न्यू हिंडन विहार कॉलोनी में दो सगे भाइयों ने पड़ोसी पर ईंट से हमला कर दिया। हमले में ईंट लगने से एक युवक घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की है। न्यू हिंडन विहार की निलमढ़ी कॉलोनी निवासी महबूब अहमद ने शिकायत में बताया कि 13 जनवरी को वह अपनी पत्नी से बात कर रहे थे, तभी उनका पत्नी से विवाद होने लगा। इसी दौरान पास के मकान में रहने वाले अजीम और नजीम दोनों भाई आए और उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगे। विरोध करने पर आरोपी दोनों भाइयों ने उन पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

### दो घरों के ताले तोड़ जूलरी-नकदी चोरी

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना सिंभावली क्षेत्र में चोरों ने दो घरों के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी चुरा ली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरीदपुर निवासी प्रदीप ने बताया कि वह किसी निजी कार्य से परिवार सहित हापुड़ गया था। रात के समय चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी और संदूक में रखे गहने और करीब 10 हजार रुपये नकदी चुरा ली। उधर, गांव हिम्मतपुर निवासी रहनुमा ने बताया कि वह और उनकी बहन दोनों विधवा हैं। दोनों का विवाह एक ही परिवार में हुआ था। वे कभी-कभार ही अपने पैतृक घर आती हैं। उनके घर का ताला तोड़कर चोर लाखों की जूलरी व सामान ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार का शीशा तोड़ लैपटॉप व पर्स चोरी

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नगर कोतवाली क्षेत्र में आंबेडकर पार्क पर खड़ी कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप और पर्स चुरा लिया। घटना तीन जनवरी दोपहर की है। मामले में शिकायत के 12 दिन बाद केस दर्ज हुआ। शिकायत में स्वरिता विला निवासी अरुण कुमार ने बताया कि वह तीन जनवरी को आंबेडकर पार्क के सामने कार खड़ी कर शोरूम में चले गए। वापस आए तो कार का बाएं ओर का पीछे का शीशा टूटा मिला। कार में रखे दो बैग, एक लैपटॉप, दो वॉलेट, एक पावर बैंक, पांच हजार कैश और कार के दस्तावेज नहीं मिले। मामले में उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

■ NBT न्यूज, मोदीनगर: नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती से शादी का झांसा देकर पांच साल तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शादी की बात करने पर आरोपी ने युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती का आरोप है कि पांच साल पहले युवक ने शादी का वादा कर उससे संबंध बनाए। इसके बाद युवक लगातार दुष्कर्म करता रहा। पिछले दिनों युवक की शादी और कहीं तय हो गई। जब युवती ने शादी करने की बात की, तो आरोपी ने मारपीट कर घायल कर दिया। युवती की मां ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी।

## जुआ खेलने की सज़ा मात्र 200 रुपये जुर्माना

■ NBT न्यूज, आरडीसी : लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में जुआ खेलने के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराकर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को दो दिन का साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा। कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, सिविल जज (सीडी)/त्वरित न्यायालय की न्यायाधीश सुमन सोलंकी ने मामले की सुनवाई करते हुए रितिक को दोषी करार दिया। कोर्ट के समक्ष आरोपी ने बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से जुर्म स्वीकार किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर जेल भेज गया।

## सड़क हादसे में 2500 रुपये जुर्माना लगाया

■ NBT न्यूज, आरडीसी : अंकुर विहार थाना क्षेत्र में कार को लापरवाही से चलाकर हादसा करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया है। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-2, गाजियाबाद ने आरोपी राजेश शर्मा को जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में अंकुर विहार थाना क्षेत्र में हुई घटना में आरोपी ने वैगनआर से लोगों को टक्कर मारी थी। सुनवाई के दौरान आरोपी राजेश शर्मा ने कोर्ट में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी को 2500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

## ऑन डिमांड अवैध हथियार सप्लाई करने के 3 आरोपी अरेस्ट



आरोपियों के पास से 6 तमंचे, चार पिस्टल, मोबाइल व बाइक बरामद

■ NBT न्यूज, हापुड़


**थाना धौलाना** क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक पर घूम रहे तीन हथियार तस्करी के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पिस्टल, तमंचे आदि बरामद किए हैं। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि थाना धौलाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान देहरा झाल के पास से बाइकसवार हथियार तस्करी के आरोपी पिलखुवा निवासी नमन, चिराग उर्फ चिंटू व अलीगढ़ निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 6 तमंचे, चार पिस्टल, मोबाइल व बाइक बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह ऑन डिमांड पांच हजार रुपये में तमंचा, 40-45 हजार में अवैध पिस्टल बेचकर मोटी कमाई करते थे। दीपक पर पांच व चिराग पर तीन मुकदमे दर्ज हैं।

### 8 मुकदमे दर्ज हैं



- थाना धौलाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक पर घूमते समय अरेस्ट किया है
- पिलखुवा निवासी नमन, चिराग उर्फ चिंटू व अलीगढ़ निवासी दीपक हैं आरोपी

## पानी की टंकी पर चढ़ युवक ने दी गालियां, विडियो वायरल



धौलाना तहसील परिसर में गांव खेड़ा निवासी रोहित ने पानी की टंकी पर चढ़कर हाईवोल्टेज ड्रामा किया

■ NBT न्यूज, हापुड़

**थाना धौलाना** क्षेत्र की तहसील परिसर स्थित पानी की टंकी पर शुक्रवार सुबह एक युवक चढ़ गया और गालियां देने लगा। जिसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने समझा बुझाकर उसे नीचे उतारा। जानकारी के अनुसार, धौलाना तहसील परिसर में गांव खेड़ा निवासी रोहित पानी की टंकी पर चढ़ कर हाईवोल्टेज ड्रामा करने लगा। पता चलने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, तहसीलकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सूझबूझ से युवक को सकुशल नीचे उतारा।


पुलिस ने सूझबूझ से युवक को सकुशल नीचे उतारा


## साइबर ठगी की 66 हज़ार की रकम पीड़ित को लौटाई



■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना देहात क्षेत्र के मोहल्ला पन्नापुरी निवासी युवक के खाते से साइबर ठगों की ओर से निकाले गए 66 हजार रुपये पुलिस ने वापस डलवा दिए हैं। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मोहल्ला पन्नापुरी के देव गोयल ने बताया कि उनके खाते से साइबर ठगों ने यूपीआई के जरिये 66,200 रुपये निकाल लिए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि साइबर ठगों की ओर से निकाली रकम पीड़ित को लौटा दी गई है।

## मसूरी में ईंटों पर कारों को खड़ा कर आठ टायर ले गए चोर





■ NBT रिपोर्ट, मसूरी : कोहरे का फायदा उठाकर मसूरी क्षेत्र की रफीकाबाद कॉलोनी में घर के पास प्लॉट में खड़ी दो कारों को ईंटों पर खड़ी कर टायर चुरा ले गए। घटना शुक्रवार तड़के करीब चार बजे की है। जानकारी के अनुसार, रफीकाबाद कॉलोनी की गली नंबर पांच में रहने वाले अजाज की एमेज कार और शहाफहद की ब्रेजा कार घर के पास प्लॉट में खड़ी थी। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे पड़ोसी ने टायर चोरी होने की सूचना दी। कार मालिकों ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ितों का कहना है कि घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर पता चला कि घटना शुक्रवार सुबह चार बजकर पांच मिनट की है। फुटेज में दो चोर कार के टायर खोलते नजर आ रहे हैं। एसीपी मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि मामले में जांच की जा रही। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

■ NBT न्यूज, लोनी : अंकुर विहार थाना एरिया में गढ़ी कटैया गांव के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित के भाई की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## यूपी गेट अंडरपास पर वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : कौशांबी क्षेत्र के यूपी गेट अंडरपास पर तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार की मौत हो गई। मामले में उनके भाई इंद्रपाल सिंह ने कौशांबी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में हापुड़ के ढोंढा गांव निवासी इंद्रपाल ने शिकायत में बताया कि उनके भाई दिल्ली के कल्याणपुरी निवासी अमित कुमार 14 जनवरी को नोएडा से अपनी ड्यूटी के बाद बाइक से घर जा रहे थे। यूपी गेट अंडरपास के पास अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में उन्हें दिल्ली के लाल बहादुर अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में रेफर किया गया। वहां अस्पताल में उनकी मौत हो गई। इंदिरापुरम एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

## बाइक सवारों ने युवक को पीटा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र में घर जा रहे युवक पर कुछ युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने भारी वस्तु से सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना 14 जनवरी की है। मामले में गांव अटौर नंगला निवासी मुकेश सहलोत ने नंदग्राम थाने में मुरादनगर के भोजपुर निवासी मुकेश उर्फ मुक्कू, कार्तिक, गुलशन और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिकायत में बताया कि वह दोस्त के साथ घर जा रहे थे। स्कूटी पर आए युवकों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट करने लगे। हमलावरों ने उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## 4 किलो गांजे संग 3 आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद



**अवैध मादक** पदार्थ की तस्करी और सेवन करने वालों के खिलाफ गुरुवार रात क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला तस्करी के आरोपी को अरेस्ट किया है। वहीं, मसूरी पुलिस ने भी तस्करी करने के आरोप में दो को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से करीब चार किलो गांजा बरामद हुआ है।

एसीपी वेव सिटी प्रियश्री पाल के नेतृत्व में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने गुरुवार शाम सात बजे से रात 11 बजे तक सर्च अभियान चलाया। इस दौरान तस्करी के एक आरोपी को पकड़ा। उसके पास से दो किलो 360 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान मूलरूप से अलीगढ़ के गांव छर्रा बमौरी कला व हाल क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के लाल क्वार्टर सुदामापुरी निवासी रवि (22) के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने गांजा पीने का आदी बताया। वह ओडिशा से कम दाम पर गांजा खरीदकर लाता है और छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचता भी है। वहीं, मसूरी पुलिस ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पुल के नीचे जेल चौकी क्षेत्र में दो गांजा तस्करी के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि उनकी पहचान कल्लूगढ़ी मसूरी निवासी गोलू खान और कैफ के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से एक किलो 469 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

## धमाके के साथ फटी सीटी-पीटी मीटरिंग यूनिट, आग और गर्म तेल से पांच झुलसे

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : खोड़ा क्षेत्र में आजाद विहार में कविता पैलेस सिनेमा हॉल के सामने रखी सीटी-पीटी मीटरिंग यूनिट शुक्रवार को धमाके के साथ फट गई। इससे निकली आग और गर्म तेल में 5 लोग झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खोड़ा के आजाद विहार में सिनेमा हॉल के पास विद्युत निगम की मीटरिंग यूनिट लगी है। ये खोड़ा क्षेत्र में हो रही बिजली सप्लाई का रेकॉर्ड रखती है। शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे अचानक यह यूनिट धमाके के साथ फट गई। हादसे में कमलेश कुमार चौधरी, पंकज, अरुण, अतुल माथुर समेत एक अन्य व्यक्ति झुलस गया। सभी घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हादसे में बुरी तरह झुलसे कमलेश कुमार चौधरी ने बताया कि वह कविता पैलेस के पास बिरयानी खरीद रहे थे तभी अचानक हादसा हो गया। वह मदद के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन आग बुझाने कोई नहीं आया। इसके बाद उन्होंने नाली में कूदकर किसी तरह आग बुझाई। इस हादसे में उनके दोनों हाथ और पैर बुरी तरह झुलस गए। घायल अतुल माथुर ने बताया कि वह पास की ही दुकान पर काम करते हैं और दुकान के बाहर बैठे थे, तभी धमाका हुआ गर्म तेल उनके ऊपर गिर गया, जिससे वह झुलस गए।

### घायलों को सहायता उपलब्ध कराई

विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने कहा कि हादसे की जांच अधिशासी अभियंता को दी गई है। नियमानुसार घायलों को सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि घायलों की हालत स्थिर है। विद्युत निगम की ओर से भी सूचना दी गई है। शिकायत पर जांच करेंगे।


## खोड़ा पुलिस ने दो बाइक और ऑटो संग दो वाहन चोर पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : खोड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की एक और बाइक व एक ऑटो बरामद किया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार देर रात खोड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान खोड़ा के ईदा गार्डन निवासी तुषार और दिल्ली गाजीपुर निवासी शेमराज के रूप में बताई। बाइक गाजीपुर मंडी और दिल्ली से चोरी की थी और ऑटो खोड़ा कॉलोनी से चोरी किया था। एसीपी का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।



## चोरी का सामान बेचने जा रहे तीन आरोपियों को भेजा जेल

■ NBT न्यूज, लोनी : लोनी बॉर्डर थाना एरिया में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोनू सिटी कॉलोनी से तीन चोरों को अरेस्ट किया है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बदमाश आदिल, मोनू भोपुरा के रहने वाले व राहुल उर्फ लोमड़ी तिरंगा कॉलोनी थाना टीला मोड़ का रहने वाला है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले उन्होंने अपने साथी चेतू उर्फ कृष्णा के साथ मिलकर कॉलोनी के बंद मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मंगलसूत्र व कान की बाली को उनके साथी ने बेचने के लिए अपने पास रख लिया था। जिसे बागपत पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है।



## महिला के बैग से 40 हज़ार निकालकर कागज़ की गड्डी रख ठग फरार

■ NBT न्यूज, मुरादनगर

**कस्बा रोड** पर बैंक से पैसे लेकर आ रही महिला से 40 हजार की ठगी हो गई। ठगों ने महिला के बैग से पैसे निकाल लिए और कागज की गड्डी रखकर फरार हो गए। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

नगर की दरगाह कॉलोनी निवासी दर्शन की पत्नी छाया शुक्रवार को कस्बा मार्ग स्थित इंडियन बैंक से पैसे निकालने गई थी। जब वह पैसे निकालने के लिए फॉर्म भर रही थी, इसी बीच दो युवक आए और उनकी मदद करने को कहा। पैसे लेकर वह बाहर आई तो दोनों युवकों ने उसे बातों में उलझा लिया। उनके जाने के बाद महिला ने अपना बैग देखा तो उसमें रखी नकदी गायब थी। उनकी जगह कागज की गड्डी पड़ी हुई थी। पीड़िता मुरादनगर थाने पहुंची और तहरीर दी। एसीपी मसूरी सर्किल ने बताया कि बैंक की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जाएगी।

बैंक में फॉर्म भरने के दौरान ठगों ने पीड़िता से मदद करने के बहाने शुरू की बातचीत

## पेमेंट अपडेट के नाम पर फोन हैक कर निकाले रुपये

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : पेमेंट अपडेट कराने का झांसा देकर साइबर ठग ने एक शख्स का पहले फोन हैक किया, फिर खाते से 90 हजार रुपये निकाल लिए। मामले में विजयनगर के प्रताप विहार निवासी जुगल किशोर कांडपाल ने विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में बताया कि पांच जनवरी को उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को आईजीएल कंपनी से बताया। कहा कि आपने आईजीएल की पेमेंट की है। उसे फोन से अपडेट कर दीजिए। ऐसा करने पर उनका फोन हैक हो गया। कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि शातिर ने उनके खाते से 90290 रुपये निकाल लिए।

## सम्मेलन में जाने के लिए BKU के कार्यकर्ताओं का AC कोच पर कब्जा

■ NBT न्यूज, हापुड़

**हापुड़ रेलवे** स्टेशन पर देर रात लखनऊ में होने वाले सम्मेलन में भाग लेने के लिए जाते समय भाकियू कार्यकर्ताओं ने संगम एक्सप्रेस के एक एसी कोच पर कब्जा कर लिया। यात्रियों के विरोध और शिकायत के बाद हापुड़ रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और पुलिस ने कार्यकर्ताओं को एसी कोच से उतारकर स्लीपर कोच में भेजा। बता दें कि प्रयागराज में होने वाले किसान यूनियन के सम्मेलन में भाग लेने के लिए किसान संगठन के कुछ सदस्य मेरठ से ट्रेन के एसी कोच में चढ़ गए और उन्होंने आरक्षित सीटों पर बैठे यात्रियों को हटाकर कब्जा कर लिया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि एसी कोच में चढ़ने के बाद इन सदस्यों ने बीड़ी पीना और शराब पीना शुरू कर दिया। कोच में मौजूद यात्रियों ने तुरंत रेलवे अधिकारियों से इसकी शिकायत की। इस दौरान किसान नेताओं और यात्रियों के बीच तीखी बहस भी हुई। वहीं, शिकायत मिलने के बाद मौके पर पहुंची आरपीएफ और पुलिस के साथ भी भाकियू कार्यकर्ताओं की कहासुनी हुई। इसके बाद जैसे ही ट्रेन हापुड़ रेलवे स्टेशन पर पहुंची, आरपीएफ और कोतवाली प्रभारी विनोद पांडेय पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने मामले में हस्तक्षेप किया।

### संगम एक्सप्रेस से प्रयागराज जा रहे थे किसान



- यात्रियों का आरोप, कोच में चढ़ने के बाद सदस्यों ने बीड़ी और शराब पीना शुरू कर दिया
- पुलिस और आरपीएफ से भी की बहस, हापुड़ में समझाने के बाद स्लीपर कोच में भेजे गए

## युवती के अश्लील फोटो एडिट कर किए वायरल


■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : टीला मोड़ क्षेत्र के में रहने वाली युवती का फोन हैक कर अश्लील फोटो विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का मामला सामने आया है। आरोपी डिलीट करने के नाम पर रुपयों की मांग कर रहा है। थाने के कई बार चक्कर काटने के बाद गुरुवार को टीलामोड़ थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिकायत में युवती ने बताया कि आरोपी अंकित ने 28 अप्रैल, 20 जुलाई, 31 अगस्त को अश्लील फोटो और विडियो वायरल किए। इसके बाद तेजाब डालने की और दुष्कर्म की धमकी दी जाने लगी। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।


CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 17-01-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHABP User: rahul.charas Time: 01-16-2026 22:53 Color:



## अपने विवादित शब्दों पर हनी सिंह ने मांगी माफी


रैपर यो यो हनी सिंह एक कॉन्सर्ट के दौरान अश्लील टिप्पणी करके विवादों में फंस गए। अब हनी ने वीडियो जारी कर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि उनका इरादा युवाओं को सुरक्षित सेक्स का संदेश देने का था पर शब्दों का चयन गलत हो गया। वह आगे सावधान रहेंगे।






# इस साल OTT पर हिट रहेंगे पुराने शोज के नए सीजन !

अब कम ही ऐसे शोज आ रहे हैं जिनके नए सीजन आ पाएं। यहां भी एक ठहराव आ गया है।
- हुमा कुरैशी, ऐक्टर




**2026 में इन नए सीजन का इंतजार**

| | |
|---|---|
| कोहरा 2, द रॉयल्स 2, सिंगल पापा 2 (संभावित) | (नेटफ्लिक्स) |
| अनदेखी 4, गुल्लक 5 | (सोनी लिव) |
| पंचायत 5 | (प्राइम विडियो) |
| बिंदिया के बाहुबली 2 | (एमएक्स प्लेयर) |

Upma.Singh@timesofindia.com

ओटीटी के कंटेंट को समृद्ध बनाने में पुराने हिट शोज के नए-नए सीजन का बड़ा योगदान रहा है। यही वजह है कि यह सिलसिला साल दर साल जारी है। ऐसे में, साल 2026 में भी अनदेखी, गुल्लक और पंचायत जैसी OTT की चर्चित वेब सीरीज के नए सीजन दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

### हिट शोज के सीक्वल का सिलसिला रहेगा जारी

नए साल में पुराने हिट शोज की नई कड़ियां जुड़ने का सिलसिला सोनी लिव के शो फ्रीडम ऐट मिडनाइट 2 के साथ शुरू हो चुका है। देश के विभाजन पर आधारित 2024 में आए निखिल आडवाणी निर्देशित इस शो को काफी पसंद किया गया था, वहीं इसके दूसरे सीजन को भी काफी तारीफें मिलीं। इस प्लेटफॉर्म पर शार्क टैंक इंडिया और मास्टरशेफ इंडिया के नए सीजन के अलावा अनदेखी 4 और गुल्लक 5 जैसे चर्चित शो के नए सीजन भी देखने को मिलेंगे। इसी तरह, प्राइम विडियो पर पंचायत का 5वां सीजन दर्शकों को लुभाएगा तो एम एक्स प्लेयर पर रणवीर शौरी और विनीत कुमार स्टारर बिंदिया के बाहुबली का दूसरा सीजन आएगा। जबकि, नेटफ्लिक्स पर बरुण सोबती और सुविंदर विकी स्टारर चर्चित शो कोहरा का दूसरा सीजन, जीनत अमान, भूमि पेडनेकर, ईशान खट्टर, डीनो मोरिया, चंकी पांडे जैसे स्टार से सजे द रॉयल्स का सेकंड सीजन और कुणाल खेमू की मुख्य भूमिका वाली वेब सीरीज सिंगल पापा का दूसरा सीजन भी आ सकता है। हालांकि, अभी इन शोज की रिलीज डेट्स की अनाउंसमेंट बाकी है।

### 2025 में भी रहा नए सीजन का दबदबा


बीते साल भी ओटीटी पर पुराने शोज के नए सीजन का काफी दबदबा रहा। जियो हॉटस्टार पर केके के स्पेशल ऑप्स का सीजन 2, काजोल के द ट्रायल का सीजन 2, पंकज त्रिपाठी के हिट शो क्रिमिनल जस्टिस का सीजन 4 चर्चा में रहा, तो सोनी लिव पर हुमा कुरैशी की मुख्य भूमिका वाली सीरीज महारानी का चौथा सीजन आया। नेटफ्लिक्स पर भी देल्ही क्राइम 3, राणा नायडू 2, खाकी: द बंगाल चैप्टर जैसे नए सीजन आए। इसी तरह, प्राइम विडियो पर भी बीते साल पाताल लोक 2, पंचायत 4, फैमिली मैन सीजन 3, फोर मोर शॉट्स प्लीज 4 जैसे कई हिट शोज के सीक्वल आए। वहीं, एमएक्स प्लेयर पर बॉबी देओल के एक बदनाम आश्रम और सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ अभिनीत क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज हंटर: टूटेगा नहीं तोड़ेगा 2 भी चर्चा में रहा।

### शो हिट, तो सीजन फिट

ओटीटी पर सीरीज के नए सीजन की ये कड़ियां तभी जुड़ती हैं, जब शो हिट हो, वरना कई बार धूमधाम से आए पहले सीजन के न चलने पर आगे की कहानी डब्बे में ही बंद रह जाती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण अनुराग कश्यप का चर्चित शो सेक्रेड गेम्स है, जिसके दूसरे सीजन को दर्शकों की सुस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद तीसरे सीजन को हरी झंडी ही नहीं मिली। इसी तरह, शाहरुख खान की इमरान हाशमी स्टारर बार्ड ऑफ ब्लड, माधुरी दीक्षित की द फेम गेम, तिग्मांशु धूलिया की द ग्रेट इंडियन मर्डर समेत कई वेब सीरीज को दर्शकों की ठंडी प्रतिक्रिया मिलने के चलते पहले सीजन के बाद ही बंद कर दिया गया, जबकि शो के अंत में कहानी आगे बढ़ाने का इशारा साफ तौर पर किया गया था। इस लिहाज से ओटीटी के शुरुआती दौर में आए पंचायत, मिर्जापुर, अनदेखी, महारानी, देल्ही क्राइम, गुल्लक जैसे शोज के ही सीजन दर सीजन आ रहे हैं, जबकि हाल के सालों में आए कुछ ही कहानियां नए सीजन तक पहुंच पाई हैं।

# सिर चकरा देगी वीर दास की यह खतरनाक जासूसी

Upma.Singh@timesofindia.com



**फिल्म**
**हैपी पटेल: खतरनाक जासूस**
**रेटिंग** ★★☆☆☆
**निर्देशक:** वीर दास, कवि शास्त्री
**कलाकार:** वीर दास, मोना सिंह, मिथिला पालकर, शारिब हाशमी, आमिर खान, इमरान खान, सृष्टि तावड़े आदि।
**जॉनर:** डार्क कॉमिडी, एक्शन
**अवधि:** 2 घंटे 1 मिनट

'मैं टॉम को भूत चाहता हूं। टॉम को दिक कर भूत अच्छा लगता है? बात समझ में आई? पढ़कर मजा आया? अगर हां, तभी आपको वीर दास की फिल्म हैपी पटेल: खतरनाक जासूस रास आएगी। वरना सिर के ऊपर से निकल जाएगी, क्योंकि फिल्म में हैपी की जासूसी ही नहीं, हिंदी भी खतरनाक है। अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड विनेता वीर दास स्टैंड अप कॉमिडी में बड़ा नाम हैं। उनकी एक ऑडियंस है- अंग्रेजी स्लैंग बोलने, डबल मीनिंग जोक्स पर हंसने और बीच में आए सोशियो पॉलिटिकल तंज पर वाह-वाह करने वाली। यह फिल्म उसी ऑडियंस के लिए है।


कहानी 90 के दशक में गोवा में शुरू होती है, जहां गैंगस्टर मिम्मी (आमिर खान) और दो अंतरराष्ट्रीय एजेंट्स के बीच मुठभेड़ होती है। मुठभेड़ में मिम्मी तो मारा जाता है, पर इन एजेंट्स के जिम्मे एक अनाथ बच्चा भी आ जाता है। कहानी तीस साल बाद आज में पहुंचती है, जहां वह बच्चा हैपी (वीर दास) अपने एजेंट पिता की राह पर चलना चाहता है, मगर वह एमआई 7 (यूके की एजेंसी का स्पूफ) का एग्जाम 7 बार फेल हो चुका है। इसके बावजूद, एजेंसी उसे उसकी जन्मभूमि गोवा में एक गोरी साइंटिस्ट को ढूंढने के मिशन पर भेज देती है। गोवा में हैपी की मुलाकात लोकल कोऑर्डिनेटर गीत (शारिब हाशमी), उसकी जूनियर रोशनी (सृष्टि तावड़े), एक लोकल डांसर रूपा (मिथिला पालकर) और मामा (मोना सिंह) से होती है। मामा असल में इलाके की डॉन और मिम्मी की बेटी है, जिसने उस साइंटिस्ट को कैद कर रखा है। हैपी मिशन में कामयाब होता है या नहीं? यह जानने के लिए फिल्म देखें।

वीर ने फिल्म में ऐक्टिंग के अलावा लेखन (अमोघ रणदिवे के साथ) और निर्देशन (कवि शास्त्री के साथ) का जिम्मा भी संभाला है। सारे किरदार एक से बढ़कर एक अतरंगी हैं। शुरू से आखिर तक अजीबोगरीब चीजें चलती हैं। ऐक्टिंग वीर ने बढ़िया की है। हैपी के रूप में उनका मासूम अंदाज लुभाता है। मोना सिंह दमदार ऐक्ट्रेस हैं, पर उनका किरदार ही बेहद अटपटा लगता है। शारिब हाशमी और सृष्टि तावड़े ने मजबूत सहयोग दिया है। जबकि, मिथिला पालकर अच्छी लगी हैं। आमिर खान और इमरान खान के कैमियो असरदार हैं। तकनीकी रूप से फिल्म ठीकठाक है। जबकि, गाने बेमाने से हैं जो याद नहीं रहते।

**क्यों देखें**
अंग्रेजी वाली स्टैंड अप कॉमिडी के शौकीन हैं, तभी इस फिल्म का टिकट कटाएं।

# गोल्डन ग्लोब्स फैशन में सेलेना-प्रियंका टॉप पर

अपने फैंस के दिलों पर राज करने वाली सेलेना गोमेज और प्रियंका चोपड़ा गोल्डन ग्लोब्स को लेकर जारी की गई रेड कार्पेट पावर रैंकिंग में भी टॉप पर हैं। टॉप 5 वुमन्स ऑन द रेड कार्पेट की इस कैटेगरी में पहले नंबर पर सेलेना गोमेज हैं। उन्हें और उनके फैशन को 7.2 मिलियन डॉलर एमआईवी (मीडिया इम्पैक्ट वैल्यू) मिली है। जबकि प्रियंका के फैशन और ज्वेलरी को दूसरा व चौथा स्थान प्राप्त हुआ। उन्हें 5.9 मिलियन और 4.9 मिलियन डॉलर एमआईवी मिली।










CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 17-01-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZJKT2 User: lokendra.sharma Time: 01-16-2026 18:50 Color:




STRATEGICALLY LOCATED AT THE CROSSROADS OF NCR'S FUTURE

PREMIUM PLOTTED LIVING WITH COMPLETE OWNERSHIP FREEDOM

SEAMLESS CONNECTIVITY VIA UER II,NH-22 & KMP EXPRESSWAY

CURATED AMENTITIES FOR WELLNESS, LEISURE & COMMUNITY LIVING

INFRASTRUCTURE FIRST PLANNING FOR LONG TERM VALUE

ONE PRASTHA
BUILD • BETTER • BEYOND

THE ELITE RESIDENCES

HRERA-PKL-SNP-785-2025
+91 81008-84008
www.oneprastha.com
@oneprastha

Disclaimer: This advertisement is for information purposes only and does not constitute an offer or invitation to offer. All images, plans, specifications, and amenities are artistic impressions and subject to approval and change as per developers. Please verify all details independently.

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 17-01-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZFP User: cci Time: 01-16-2026 23:03 Color:



अपने विवादित शब्दों पर हनी सिंह ने मांगी माफी p4

NBT गाज़ियाबाद Times OF INDIA

नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । शनिवार, 17 जनवरी 2026



88 जोड़ों ने किया साथ निभाने का वादा P2

**NBT से जुड़ें**

अपने सेक्टर, सोसायटी, कॉलोनी, स्कूल-कॉलेज या संस्थान से जुड़ी कोई खबर एनबीटी तक पहुंचाना चाहते हैं तो 9266462955 पर वॉट्सऐप करें। QR कोड स्कैन करके भी मेसेज भेज सकते हैं। अपना और इलाके का नाम लिखें। शुरुआत में #GZB लिखें।

**हेल्पलाइन नंबर 24/7**

112
पुलिस, ऐम्बुलेंस और फायर संबंधी सूचना दें, तुरंत मिलेगी सहायता

पुलिस कंट्रोल रूम
0120-2820758

ट्रैफिक कंट्रोल रूम
9643322904

नगर निगम गाजियाबाद हेल्पलाइन नंबर-टोल फ्री नंबर
1800 1803 012

विद्युत विभाग इमरजेंसी
9193320115

डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल इमरजेंसी
8826294546

फायर कंट्रोल
0120-2777102
9454418348

# फोन की घंटी बजते ही लगता है बेटे की खबर आ गई ...

## पिता बोले - केतन की कोई खबर न आने से तनाव में है पूरा परिवार

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

**अमेरिका-ईरान** में उपजे युद्ध के हालातों के बीच ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर कोस्ट गार्ड्स की ओर से गिरफ्तार किए गए डीएलएफ कॉलोनी निवासी मरीन इंजीनियर केतन मेहता के बारे में शुक्रवार को भी कोई जानकारी नहीं मिली। इसके कारण परिवार के लोगों का तनाव बढ़ता जा रहा है। केतन के पिता मुकेश मेहता का कहना है कि वह और केतन की मां पूरे दिन फोन पर घंटी बजने और ईमेल आने का इंतजार करते रहते हैं। फोन की घंटी बजते ही लगता है उनके बेटे की खबर आई है, लेकिन अभी तक कहीं से कोई खबर नहीं आई है। न तो भारत सरकार और न ही जिस कंपनी में बेटा केतन काम करता है उसकी ओर से कोई जानकारी दी गई है।

**दुबई की कंपनी में काम करने वाले केतन ईरान से डीजल लाने के दौरान हुए अरेस्ट**

भोपुरा की डीएलएफ कॉलोनी निवासी और दुबई की तेल कंपनी में मरीन इंजीनियर थर्ड केतन मेहता को ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट से 6 जनवरी को कोस्ट गार्ड्स ने गिरफ्तार कर लिया था। इसकी जानकारी 7 जनवरी को परिवार को दी गई थी। इसके बाद इंजीनियर केतन मेहता के पिता ने भारतीय विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री से उनके बेटे को सुरक्षित भारत लाने के लिए मदद की गुहार लगाई है। बता दें कि केतन दुबई की तेल कंपनी MT BRILLIANT ROAR में थर्ड इंजीनियर के पद पर कार्यरत हैं। यह कंपनी Prime Tanker LLC की ओर से पिछले काफी समय से ईरान से तेल लाने का कार्य करती है।



कंपनी की तरफ से नहीं आया कोई रिप्लाई, माता-पिता परेशान



**केतन से 31 दिसंबर से नहीं हुई बात**

मुकेश मेहता ने बताया कि जून 2025 में मरीन इंजीनियर के रूप में कंपनी जॉइन की थी। इसके बाद से वह वहीं हैं। इधर, 31 दिसंबर को केतन ने फोन कर बताया था उनकी कंपनी के जहाज ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर डीजल लेने आए हैं। 3-4 दिन में लौट करके दुबई लौट जाएंगे। इसके बाद उनसे बात नहीं हुई। वहीं, 6 जनवरी को जानकारी मिली कि बंदरगाह पर कोस्ट गार्ड ने कार्रवाई करते हुए उनके बेटे समेत 16 क्रू मेंबर को गिरफ्तार कर लिया था।

# ईरान से भारतीयों को लेकर हिंडन आ सकता है विमान

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

**अमेरिका-ईरान** में चल रहे तनाव के बीच कहा जा रहा है भारत सरकार की ओर से भेजा गया विमान भारतीय नागरिकों को जल्द ही हिंडन एयरपोर्ट पर उतार सकता है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से हिंडन एयरपोर्ट से सफर करने वाले लोग अब एयरपोर्ट या रनवे का विडियो और फोटो मोबाइल में कैद नहीं कर पाएंगे। यदि कोई ऐसा करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यही नहीं जिस एयरलाइंस कंपनी के यात्री होंगे उनकी भी जवाब देही तय होगी। इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की भी मांग की गई है। वर्तमान समय में हिंडन एयरपोर्ट पर 150 से अधिक सुरक्षाकर्मी मौजूद हैं। इनकी संख्या भी डबल करने की प्लानिंग की जा रही है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा गया है। हालांकि हिंडन से यात्रा करने के दौरान पहले ही यात्रियों को निर्देश दिए जाते हैं कि किसी भी तरह की तस्वीरें अपने कैमरे में कैद न करें, लेकिन अब यह व्यवस्था एयरपोर्ट के अंदर भी लागू होगी। जहां फोटो खींचने की मनाही होगी। पिछले दिनों एयरपोर्ट के अंदर की और रनवे का फोटो विडियो वायरल होने के बाद यह फैसला किया गया है।




- एयरपोर्ट पर सुरक्षा की दृष्टि से बढ़ाई जाएगी सुरक्षाकर्मियों की संख्या
- फोटो लेने और विडियो बनाते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

# नौकरी के लिए 50 हज़ार मांग झगड़ रहा था बड़ा भाई, छोटे ने कर दी हत्या


■ NBT न्यूज, हापुड़

**हापुड़ में** 50 हजार रुपये देने से इनकार करने पर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोप है कि आरोपी ने कई बार अपने भाई पर चाकू से हमला किया, जिसके चलते अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। वहीं, हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और पीड़ित परिवार की तहरीर पर घटना की जांच शुरू कर दी है। हत्यारोपी भाई की तलाश के लिए पुलिस की 3 टीमें छापे मारी कर रही हैं।


बहादुरगढ़ के अंबेडकर नगर निवासी उमेश (32) अपनी पत्नी संगीता और दो छोटी बेटियों के साथ-साथ अपने छोटे भाई दीपांशु के साथ रहते थे। उमेश ही नौकरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। वह लंबे समय से नशा भी करते थे, जिसके चलते अक्सर पत्नी और परिजन से झगड़ा कर मारपीट भी करता था।

परिजन के अनुसार, गुरुवार देर रात उमेश शराब पीकर घर आया और पत्नी संगीता और परिजनों से 50 हजार रुपये मांगे। जब उन्होंने पैसे देने में असमर्थता जताई, तो उमेश ने घर में तोड़-फोड़ करने के साथ ही मारपीट शुरू कर दी। परिजन ने उमेश को रोकने की काफी कोशिश की। इसी बीच शोर सुनकर छोटा भाई दीपांशु बीच में आया और उसने मामले को शांत करना चाहा, लेकिन उमेश ने उसके साथ भी गालीगलौज कर हाथापाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्साए दीपांशु ने चाकू उठाकर उमेश की गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों पर कई वार कर घायल कर दिया। इससे गंभीर रूप से घायल होकर उमेश वहीं गिर गया। इसके बाद आरोपी छोटा भाई मौके से फरार हो गया। वहीं, परिजन ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उमेश को हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों ने पहले घटना को छिपाने के लिए उसे आत्महत्या को दर्शाना चाहा, परंतु पुलिस के जांच करने पर मामला खुल गया।

**हत्या करने के बाद आरोपी हुआ फरार**



उमेश का फाइल फोटो



- मारपीट के बाद विवाद इतना बढ़ा कि चाकू से कई वार कर किया घायल
- अच्छी नौकरी दिलाने को किसी ने मांगे थे 50 हजार, पत्नी और परिवार पर बना रहा था दबाव

**आखिर क्या है मामला**

मृतक उमेश दो साल पहले दिल्ली में एयरपोर्ट पर कर्मचारी था, लेकिन किसी कारण से नौकरी से निकाल दिया गया था। ऐसे में वह दूसरी जगह नौकरी कर घर चला रहा था। इसी बीच किसी ने अच्छी नौकरी दिलाने के लिए उससे 50 हजार रुपये की डिमांड की थी, जिस कारण वह हर रोज पत्नी और परिजन से 50 हजार रुपये की डिमांड कर रहा था।

**पत्नी की भूमिका संदिग्ध**

पुलिस के अनुसार, घटना के वक्त पत्नी ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की और अपने मायकेवालों को भी घटना की सूचना नहीं दी। इस कारण पत्नी भी संदेह के घेरे में है। इसकी पुलिस जांच कर रही है।

**पत्नी ने दी थाने में तहरीर**

**सूचना मिलते** ही एएसपी विनीत भटनागर, सीओ स्तुति सिंह, थाना प्रभारी धीरज मलिक सहित पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतक की पत्नी संगीता ने देवर के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बैंक्विट की लिफ्ट में फंसा कर्मचारी, शव मिला

## गुरुवार को पटेलनगर के बैंक्विट की मैनुअल लिफ्ट में फंस गया था, शुक्रवार को मिला शव

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

**सिहानी गेट** क्षेत्र के पटेलनगर स्थित एक बैंक्विट हॉल में सफाईकर्मी की सामान ढोने वाली मैनुअल लिफ्ट में फंसकर मौत हो गई। घटना गुरुवार की है। गुरुवार को जब युवक घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश शुरू हुई। शुक्रवार को जांच के दौरान बैंक्विट हॉल की लिफ्ट में उसका शव फंसा मिला। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच के अनुसार, युवक ने ऊपर जाने के लिए नशे की हालत लिफ्ट चलाई होगी, लेकिन वह उस पर पूरी तरह चढ़ नहीं पाया और दीवार और लिफ्ट के बीच में गिरकर फंसने से उसकी मौत हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब पौने 11 बजे पटेल नगर स्थित रेड के. वेल्वेट बैंक्विट हॉल के मैनेजर राजेश ने फोन करके सूचना दी कि उनके यहां काम करने के लिए आए एक युवक की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच की। एसीपी नंदग्राम का कहना है कि मौके पर सिहानी गांव निवासी महेंद्र ने बताया कि मृतक युवक हापुड़ के गांव भटैल निवासी शिवकुमार (24) है। वह गाजियाबाद में अपने मौसी के बेटे के साथ रहता था। शिवकुमार 15 जनवरी की दोपहर करीब डेढ़ बजे बैंक्विट हॉल में सफाई का काम करने के लिए आया था। काम समाप्त होने के बाद वह घर नहीं लौटा। देर रात तक संपर्क न होने पर परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद बैंक्विट हॉल में ढूंढा तो उसका शव लिफ्ट के नीचे फंसा मिला।

एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय का कहना है कि प्रारंभिक जांच में हादसा प्रतीत हो रहा है। सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है। घटना के दौरान काम करने वाले सभी कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। एसीपी का कहना है कि साथ ही बैंक्विट हॉल में लगी लिफ्ट की तकनीकी स्थिति के संबंध में भी जांच की जा रही है।



घटना के बाद रेड के. वेल्वेट बैंक्विट में जांच करती पुलिस

**हादसा**

- घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की तो बैंक्वेट हॉल में लिफ्ट में फंसा मिला शव
- नशे की हालत लिफ्ट चलाई होगी, लेकिन पूरी तरह चढ़ नहीं पाया और दीवार और लिफ्ट के बीच में फंस गया

# शराब को लेकर हुए विवाद में मारी गोली, युवक घायल

■ NBT न्यूज, मुरादनगर: प्रीत विहार कॉलोनी में शराब पीने के दौरान हुए विवाद को लेकर चल रही रंजिश में दो पक्षों में मारपीट हुई। हाथ में गोली लगने से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रीत विहार कॉलोनी के अमित उर्फ मोनू व गोलू के बीच शराब पीने को लेकर विवाद हो गया था। इसी को लेकर दोनों रंजिश रखते थे। 13 जनवरी को अमित का विकास और गोले से शराब पीने को लेकर विवाद हो गया। विकास ने फोन कर अपने साथी बुला लिया। इसके बाद आरोपियों ने तमंचे से फायर किया। हाथ में गोली लगने से अमित घायल हो गए। अमित के पिता तिलकराम ने मुरादनगर थाने में तहरीर दी है। एसीपी ने बताया कि शुक्रवार को तहरीर के आधार पर विकास, गोलू, जोनी व अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# सरकारी ज़मीन पर कब्ज़े के लिए दो पक्षों ने की फायरिंग, तीन घायल

■ NBT न्यूज, लोनी : मीरपुर गांव में स्थित पचायरा पुलिस चौकी से पचास मीटर की दूरी पर एक परिवार के साथ मारपीट और फायरिंग करने का मामला सामने आया है। घटना में तीन लोग घायल हो गए। उनका दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में उपचार चल रहा है। पीड़ितों ने कार सवार 6 दबंगों के खिलाफ ट्रोनिका थाने में तहरीर दी है।

एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि एक प्लॉट को लेकर विवाद चल रहा है। एक पक्ष का कहना था कि प्लॉट उन्होंने खरीदा है। दूसरा पक्ष इसको सरकारी जमीन बता रहा है। प्लॉट पर जबरन मिट्टी के भराव को लेकर दोनों पक्षों में विवाद हुआ, जिसमें लोग चोटिल हैं। गोली चलने के साक्ष्य नहीं मिले हैं। डॉक्टरों ने गोली लगने की आशंका जताई थी, लेकिन अभी पुख्ता तौर पर पुष्टि नहीं की है। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है। जांच के लिए तीन टीमें बनाई हैं।

**पुलिस पर गंभीर आरोप**

पीड़ितों का कहना है कि एक प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में पुलिस की पचायरा चौकी चल रही है। भू माफिया पुलिस से सांठगांठ किए हुए हैं। चौकी से महज पचास मीटर की दूरी पर परिवार पर हमला हुआ। चौकी इंचार्ज को कुछ पता ही नहीं चला। बदमाशों के जाने के बाद वे घटनास्थल पर पहुंचे।




- 6 दबंगों ने किया हमला, घटनास्थल से 50 मीटर दूर है चौकी
- दूसरे गांव के दबंगों पर जबरन कब्जा करने को आरोप
- आरोप: प्रॉपर्टी डीलर के ऑफिस में चल रही है चौकी
- एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि गोली चलने के साक्ष्य नहीं मिले

**क्या है मामला**

मीरपुर निवासी सुनील त्यागी ने बताया कि उनके भतीजे शशिकांत के पड़ोस में सरकारी जमीन है। जिस पर मिटौरा गांव के कुछ दबंग मिट्टी डाल कर कब्जा कर रहे थे। शशिकांत ने इसकी सूचना पुलिस को दी, तो वे चले गए। गुरुवार देर रात घर में अलाव लगा रखा था। उसी समय तीन-चार कारों में दबंग आए और घर में घुस गए। जमीन को लेकर गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर दबंगों ने लाठी-डंडों से मारपीट शुरू कर दी। एक दबंग ने परिवार के लोगों पर फायरिंग कर दी। निकुल के घुटने में गोली लगी। शशिकांत के सिर के पास से एक गोली गुजर गई, जबकि मनुदेव भी चोटिल हुआ। पीड़ित पुलिस को सूचना देकर घायलों को उपचार के लिए दिल्ली के जीटीबी अस्पताल ले गया। जहां निकुल के पैर का ऑपरेशन कर गोली निकाले जाने की बात कही जा रही है।

**फटाफट खबरें**

### अस्पताल का ओटी और लेबर रूम सील

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : मुरादनगर के एक निजी अस्पताल में प्रसव के दौरान शिशु की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए की है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर और लेबर रूम को सील कर दिया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अखिलेश मोहन ने बताया कि 12 जनवरी को रावली रोड मुरादनगर स्थित सिटी हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान एक नवजात की मौत हो गई थी। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वास्थ्य विभाग से शिकायत की थी।

### अस्पताल को डॉग मुक्त करेंगे अफसर

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : सुप्रीम कोर्ट की ओर से अस्पताल में स्ट्रीट डॉग और आवारा पशुओं को रोकने के निर्देश दिए गए हैं। इसके तहत अस्पताल परिसर में जाली लगाने के निर्देश हैं। सीएमएस राकेश कुमार ने बताया कि इसके लिए एक नोडल अफसर की तैनाती की जाएगी। इससे अस्पताल परिसर में स्ट्रीट डॉग और आवारा पशुओं के आने-जाने पर रोक लगाई जा सकेगी। वैसे तो कई बार नगर निगम को स्ट्रीट डॉग पकड़ने के लिए पत्र लिखे जा चुके हैं। इसमें एक बार कार्रवाई करते हुए कुत्ते को पकड़ा गया, लेकिन उसे फिर अस्पताल के पास ही छोड़ दिया गया।

### तीन बदमाशों को किया जिलाबदर

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : संगीन अपराध करने वाले तीन बदमाशों को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एवं यातायात की कोर्ट ने जिलाबदर किया है। एक अपराधी को थाना हाजिरी के आदेश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एवं यातायात आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि सिकरोड के सोनू, टीलामोड़ के चेतन और ट्रोनिका सिटी के बिट्टू को जिलाबदर किया है। इनके खिलाफ लूट, चोरी, छिनैती के मुकदमे दर्ज हैं।

**हैपी मॉर्निंग**

भंडारे में दूसरों को टरकाकर अपनी पहचान वालों को फूली हुई पूड़ियां देना भी एक तरह का घोटाला है...!

# खामियां मिलने पर 13 होटल, बैंक्विट को नोटिस



■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : दमकल विभाग ने होटल, बैंक्विट हॉल समेत अन्य ऐसे स्थान और बिल्डिंग की जांच की जहां भीड़भाड़ रहती है। मौके पर खामियां मिलने पर टीम ने उन्हें ठीक करने के निर्देश दिए। काम पूरा नहीं होने पर शुक्रवार को 13 संस्थानों को नोटिस जारी किए गए। कमियां दूर नहीं करने पर किंग्सा बैंक्विट हॉल पांडव नगर, प्रीतम फार्म हाउस गोविंदपुरम, मार्शल महल बैंक्विट हॉल पांडव नगर, रिवेरा बैंक्विट हॉल पुश्ता लोनी, लेखराज फार्म हाउस लॉन एक बंथला लोनी, लेखराज फार्म हाउस लॉन-दो बंथला लोनी, बंधन बैंक्विट हॉल पुश्ता लोनी, श्रीराम पैलेस इंदिरापुरी लोनी, दर्शन होटल खोड़ा, अलसका टाउन हाउस खोड़ा, बाबा बैंक्विट हॉल खोड़ा, इंविटेशन पैलेस मेन वजीराबाद रोड भोपुरा, ग्रैंड आशीर्वाद होटल एंड बैंक्विट भोपुरा के संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं।

**कार्रवाई**

- गोवा में हुए हादसे के बाद शहर के फायर सेफ्टी विभाग ने चलाया था अभियान

# लखनऊ के सम्मेलन जाने को भाकियू सदस्यों ने AC कोच पर किया कब्जा

■ NBT न्यूज, हापुड़ : हापुड़ रेलवे स्टेशन पर देर रात लखनऊ में होने वाले सम्मेलन में भाग लेने के लिए जाते समय भाकियू कार्यकर्ताओं ने संगम एक्सप्रेस के एक एसी कोच पर कब्जा कर लिया। यात्रियों के विरोध और शिकायत के बाद हापुड़ रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ और पुलिस ने कार्यकर्ताओं को एसी कोच से उतारकर स्लीपर कोच में भेजा।

बता दें कि प्रयागराज में होने वाले किसान यूनियन के सम्मेलन में भाग लेने के लिए किसान संगठन के कुछ सदस्य मेरठ से ट्रेन के एसी कोच में चढ़ गए और उन्होंने आरक्षित सीटों पर बैठे यात्रियों को हटाकर कब्जा कर लिया। यात्रियों ने आरोप लगाया कि एसी कोच में चढ़ने के बाद इन सदस्यों ने बीड़ी पीना और शराब पीना शुरू कर दिया, जिससे अन्य यात्रियों को परेशानी हुई। कोच में मौजूद यात्रियों ने तुरंत रेलवे अधिकारियों से इसकी शिकायत की। इस दौरान किसान नेताओं और यात्रियों के बीच तीखी बहस भी हुई। वहीं, शिकायत मिलने के बाद मौके पर पहुंची आरपीएफ और पुलिस के साथ भी भाकियू कार्यकर्ताओं की कहासुनी हुई। इसके बाद जैसे ही ट्रेन हापुड़ रेलवे स्टेशन पर पहुंची, आरपीएफ और कोतवाली प्रभारी विनोद पांडेय पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और उन्होंने मामले में हस्तक्षेप किया। इसके बाद किसान यूनियन के सदस्यों को समझा बुझाकर एसी कोच से उतार लिया गया। आरपीएफ के एसएचओ राकेश यादव ने बताया कि स्थिति समझाने के बाद सभी किसान संगठन के सदस्यों को स्लीपर कोच में भेज दिया गया और ट्रेन को रवाना किया गया।



यात्रियों का आरोप, कोच में चढ़ने के बाद सदस्यों ने बीड़ी और शराब पीना शुरू कर दिया

# कारोबारी की आत्महत्या मामले में दंपती गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : साहिबाबाद क्षेत्र में रहने वाले एक कारोबारी ने लाखों रुपये डूबने से परेशान होकर 18 दिसंबर को खुद के गोदाम में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या कर लिया था। मामले में साहिबाबाद पुलिस ने आरोपी दंपती को गिरफ्तार कर लिया है। आत्महत्या करने से पहले कारोबारी ने अपने जीजा को स्यूसाइड नोट भेजा था, जिसमें आरोपियों के नाम का जिक्र किया गया था। मामले में कारोबारी की पत्नी ने शोरूम संचालिका व उसके पति समेत कई लोगों के खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने की शिकायत देकर साहिबाबाद थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटील ने बताया कि पकड़े गए आरोपी राजनगर एक्सटेंशन निवासी रोहित नरूला और उसकी पत्नी प्रीति नरूला उर्फ प्रीति कौशल को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि, 19 दिसंबर 2025 को साहिबाबाद थाने पर महिला ने शिकायत दी थी कि उनके पति निखिल तनेजा जिनका संगम सैगी (होडा) के साथ बिजनेस था। संगम सैगी के मालिक प्रीति नरूला व रोहित नरूला, मैनेजर अंकित त्यागी और कोषाध्यक्ष इनायत से उनके पति को काफी मोटी रकम लेनी थी। पति द्वारा पैसे मांगने पर ये सभी लोग लगातार टालमटोल कर रहे थे। 16 दिसंबर 2025 को संगम सैगी के पास पैसे के लिए गए तो उन्होंने पैसे देने से साफ मना कर दिया और धमकी भरे लहजे में कहा कि दोबारा आए तो परिणाम अच्छा नहीं होगा। इसके बाद जब पति शाम को जब घर आए तो वह बहुत ज्यादा परेशान थे। पति ने कहा कि उसका भविष्य जीरो हो गया और पूरे जीवन का पैसा भी जीरो, मैं बच्चों का पालन पोषण कैसे करूंगा। इन्हीं बातों से परेशान होकर पति ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर स्यूसाइड कर लिया था।

**नहीं दिया था हिस्सा**

- खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर कारोबारी ने लगा ली थी आग
- जीजा को भेजा था स्यूसाइड नोट, पत्नी ने दर्ज कराया था मुकदमा

**हमारा पता**

एनबीटी गाजियाबाद
13/1, साहिबाबाद
इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-4
email: nbtreader
@timesofindia.com

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 17-01-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZPG2 User: cci Time: 01-16-2026 22:50 Color:



## फटाफट खबरें

### श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह प्रसंग सुनाया



■ NBT न्यूज, लखुड़ : श्री मां मनसा देवी मंदिर जीर्णोद्धार के 16वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन भगवान श्रीकृष्ण और माता रुक्मिणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया। इस दौरान पूरा पंडाल मंगल गीतों और जयकारों से गूंज उठा साथ ही फूलों की वर्षा की गई और श्रद्धालुओं ने भगवान के विवाह में बाराती बनकर जमकर नृत्य किया। व्यास जी ने संदेश दिया कि बुराई कितनी भी शक्तिशाली क्यों न हो, अंत में जीत सत्य और धर्म की ही होती है। कथा में महेश तोमर, शिवकुमार मित्तल, बिजेंद्र बंसल, अनुज मित्तल आदि मौजूद थे।

### 'प्रकृति सम्मान करना हर मानव का कर्तव्य है'

■ NBT रिपोर्ट, भोपुरा : भारत सिटी में चल रही भागवत कथा के पंचम दिवस पर धर्माचार्य अशोक कृष्ण महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य बाल लीलाओं एवं गोवर्धन पूजा के प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। गोवर्धन पूजा के प्रसंग में धर्माचार्य अशोक महाराज ने प्रकृति के प्रति श्रद्धा, संरक्षण और आस्था का महान संदेश दिया। उन्होंने बताया कि प्रकृति ही जीवन का आधार है और उसका सम्मान करना प्रत्येक मानव का कर्तव्य है। महाराज ने कहा कि आज के समय में जब प्रकृति असंतुलन की स्थिति में है, तब गोवर्धन पूजा का संदेश और भी अधिक प्रासंगिक हो जाता है।

### 88 जोड़ों ने साथ निभाने का किया वादा



■ NBT न्यूज, मुरादनगर : मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत विकास खंड परिसर में 88 जोड़ों की शादी कराई गई। शादी समारोह में वर-वधु ने एक दूसरे को वरमाला पहनाकर अग्नि को साक्षी मानकर एक दूसरे का आजीवन साथ निभाने का वादा किया। शादी समारोह में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अजीत पाल त्यागी रहे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत प्रदेश सरकार प्रत्येक बेटी की शादी के लिए 1 लाख रुपये की सहायता देती है। इसका लाभ हर धर्म, जाति के लोग उठा रहे हैं। इस अवसर पर समारोह में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल, राजीव त्यागी, संदीप चौधरी सहित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

### स्वदेशी संकल्प दिवस का किया आयोजन



■ NBT रिपोर्ट, साहिबाबाद : श्याम पार्क के लाजपत राय कॉलेज में शुक्रवार को स्वदेशी जागरण मंच की ओर से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें स्वदेशी संकल्प दिवस को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत स्टूडेंट्स ने स्वदेशी के लिए दौड़ रखी गई। इसमें युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कॉलेज में शिक्षकों को स्वदेशी अपनाने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में डॉ. धारा शर्मा, सौरभ, अतीश, अमन साहू और डॉ. संजीव मौजूद रहे। कॉलेज मैनेजमेंट टीम की ओर से स्वदेशी वस्तुओं के उपयोग को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में आवश्यक कदम बताया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### आधार कार्ड कैंप का लोगों ने उठाया लाभ

■ NBT न्यूज, विजयनगर : राजकीय पब्लिक स्कूल में डाक विभाग व स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय आधार कार्ड कैंप के पहले दिन 300 से अधिक लोगों ने लाभ उठाया। उन्होंने अपने नेत्रों की निशुल्क जांच भी कराई। कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि विधायक संजीव शर्मा, पार्षद कर्मवीर, स्कूल की प्रधानाचार्य धर्मशीला और सरदार बलप्रीत सिंह, बालकिशन गुप्ता व पंडित अशोक भारतीय ने किया। कैंप में 18 वर्ष तक की आयु के नए आधार कार्ड बनाने के साथ 70 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए।

### जांच शिविर का किया आयोजन

■ NBT न्यूज गाजियाबाद : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद गाजियाबाद महानगर की ओर से स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित युवा उत्सव के तहत शंभू दयाल डिग्री कॉलेज में निशुल्क चिकित्सा जांच शिविर लगाया गया। शिविर में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने जांच कराई। शिविर का उद्घाटन संदीप कुमार, डॉ रोशना मित्तल व इकाई अध्यक्ष अनिल नागर ने किया। समापन मंत्री अनुज श्रीवास्तव, प्रांत मीडिया संयोजक तनिष्क सिसोदिया, महानगर सह मंत्री सुरुष बैसला, निशिन झा, अवतार सिंह आदि भी मौजूद रहे।

### दुलारी सेवा समिति का मकर संक्रांति उत्सव

■ NBT रिपोर्ट, साहिबाबाद : राजेंद्र नगर में दुलारी सामाजिक सेवा समिति की अध्यक्ष राधिका शर्मा ने अपने जन्मदिन पर भजन कीर्तन के साथ खिचड़ी प्रसाद भंडारा विशाल कार्यक्रम धूमधाम से मनाया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ-साथ उत्सव प्रस्तुति दी गई। अध्यक्ष राधिका ने सभी प्रमुख भजन गायक सहगायक गौड़, सुरेश गौड़, डॉक्टर बाखड़ी शर्मा, ममता गुप्ता, कुसुम शर्मा को पीले दुपट्टे पहनाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में मकर, मूंगफली, मिठाई, फल के साथ- साथ खिचड़ी का प्रसाद भंडारा बांटा गया। मौके पर मैनाक्षी शर्मा, सुधा श्रीवास्तव मौजूद रहीं।

### लखनऊ ने जीती बास्केटबॉल चैंपियनशिप



■ NBT न्यूज, राजेंद्रनगर : नेहरू वर्ल्ड स्कूल में आयोजित सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप लखनऊ ने जीत ली। वहीं गाजियाबाद को तीसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा। सीनियर स्टेट बास्केटबॉल चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि जीडीए उपाध्यक्ष नंद किशोर कलाल व विशिष्ट अतिथि जेकेजी एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन जेके गौड़ ने किया। पुरुष वर्ग के फाइनल में लखनऊ ने प्रयागराज को हराया। महिला वर्ग के फाइनल में यूपी पुलिस ने नार्थ ईस्ट रेलवे को हराया। तीसरा स्थान बाराबंकी जनपद की टीम को प्राप्त हुआ। टीमें विजेता से पुरुष व महिला टीम का चयन नैशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप के लिए किया जाएगा।

# ठंड व पलूशन की वजह से बढ़ रही सांस के मरीजों की संख्या

## स्वास्थ्य विभाग ने जारी की अडवाइजरी, एक हफ्ते बाद बारिश होने के आसार

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए

**मकर संक्रांति** बीतने के बाद भी लोगों को सर्दी और फॉग से राहत नहीं मिल रही है। शुक्रवार को गाजियाबाद का न्यूनतम तापमान 7 डिग्री दर्ज किया गया, जबकि अधिकतम तापमान 21 डिग्री दर्ज हुआ। धूप निकलने से लोगों को राहत तो मिली लेकिन पलूशन में इजाफा हो गया। ठंड और पलूशन के कारण श्वास और बुखार के साथ ही निमोनिया के रोगियों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने दूसरी बार एडवाइजरी जारी की है।

> गाजियाबाद का एक्यूआई 376, लोनी का 402 और इंदिरापुरम का 335 दर्ज किया गया है

मौसम विभाग ने गाजियाबाद का एक्यूआई 376 खराब श्रेणी में दर्ज किया है। इसके अलावा लोनी में 402, संजय नगर में 342 और इंदिरापुरम में 335 एक्यूआई रिकॉर्ड किया गया। यूपीपीसीबी के के अनुसार ठंड के साथ हवा भी चल रही थी इसके कारण एक्यूआई पिछले दो तीन दिन से कम था। अचानक से हवा रुकने के कारण एक्यूआई बढ़ गया। वहीं भारतीय मौसम विज्ञान के अनुसार आने वाले एक हफ्ते बाद ही लोगों को बारिश का भी सामना करना पड़ेगा।



हर 10 मरीजों में से 7 मरीजों को करना पड़ रहा है अस्पताल में भर्ती

### बढ़ती ठंड सांस के मरीजों पर पड़ रही भारी

शहर में गिरते तापमान के साथ सांस, अस्थमा और निमोनिया के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। जिले के दोनों बड़े अस्पतालों में हर 10 मरीजों में से 7 को भर्ती करना पड़ रहा है। पहले जहां प्रतिदिन 90 से 100 मरीज पहुंच रहे थे, वहीं अब यह संख्या बढ़कर 140 से 150 हो गई है। हालात को देखते हुए अस्पतालों में कोल्ड वार्ड में बेड की संख्या बढ़ा दी गई है। एमएमजी अस्पताल में प्रतिदिन 90 से 95 और संयुक्त अस्पताल में 50 से 55 मरीज भर्ती किए जाते हैं। संयुक्त अस्पताल के छाती रोग विशेषज्ञ डॉ. राहुल वर्मा ने बताया कि प्रतिदिन करीब 140 से 150 मरीज सांस संबंधी समस्या लेकर पहुंच रहे हैं, जिनमें से लगभग 30 मरीजों को भर्ती करना पड़ रहा है। वहीं एमएमजी अस्पताल के जनरल फिजिशियन डॉ. आलोक रंजन ने बताया कि ठंड बढ़ने के साथ हवा में नमी और प्रदूषण के कण ज्यादा समय तक बने रहते हैं, जिससे सांस की नली में सूजन और संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर बुजुर्गों, बच्चों और पहले से सांस या हृदय रोग से ग्रसित मरीजों पर पड़ रहा है।

### बच्चों का रखें खास ख्याल


बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अर्चना सिंह ने बताया कि बच्चों में निमोनिया के मामलों में भी बढ़ोतरी देखी जा रही है। प्रतिदिन 20 से 22 बच्चों को भर्ती किया जा रहा है। इनमें से करीब 45 बच्चों को भाप दी जा रही है। निमोनिया के कारण बसेटा से आई 6 माह की बच्ची शिवानी की गुरुवार को मौत हो गई। वहीं, रविवार को 2 साल के शौर्य की भी निमोनिया के कारण मौत हो गई। हालांकि उसकी मौत अस्पताल पहुंचने से पहले हो गई थी, जिसकी परिजनों ने पुष्टि की है।

### CMO ने दी सलाह

सीएमओ डॉ. अखिलेश मोहन ने बताया कि मरीजों को सर्दी से बचने की सलाह दी जा रही है। इमरजेंसी और वार्ड में ऑक्सीजन सपोर्ट, नेबुलाइजेशन और दवाओं की उपलब्धता बढ़ाई गई है। डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि मरीजों को समय पर इलाज मिल सके। उन्होंने लोगों से ठंड से बचाव के लिए गर्म कपड़े पहनने, सुबह-शाम ठंडी हवा और कोहरे में बाहर निकलने से बचने, धूम्रपान न करने और सांस की समस्या होने पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करने की अपील की है।

# इमारत तो बनी, लेकिन लैब में नहीं आई मशीन

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद



**संजय नगर** स्थित संयुक्त अस्पताल में मरीजों को बेहतर सुविधा देने के लिए इंटीग्रेटेड लैब बनाई जा रही है। इसके लिए भवन तो तैयार हो चुका है, लेकिन जांच के लिए मशीनें अब तक नहीं आई हैं, जिसके कारण मरीजों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। अगर लैब शुरू हो जाती तो अस्पताल में आने वाले प्रतिदिन करीब 1000 से अधिक मरीजों को आधुनिक जांच सुविधा मिल सकेगी।

अस्पताल में प्रतिदिन 200 से 250 टेस्ट किए जाते हैं, लेकिन लैब के शुरू होने से करीब 25 प्रतिशत तक टेस्ट की संख्या बढ़ सकती थी। इसमें हार्मोनल टेस्ट, थायराइड, पीएसए (प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन) सहित कई आधुनिक जांच सुविधाएं शुरू की जानी थी। बेहतर जांच सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 90 लाख रुपये की लागत से लैब का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण कार्य एक निजी संस्था द्वारा किया जा रहा है, जिसे छह महीने में पूरा किया जाना था, लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी काम पूरा नहीं हो सका है। अतिरिक्त जांच के लिए सीएमओ स्तर से एक टेक्नीशियन की तैनाती भी की गई है, लेकिन मशीनों की खरीद और इंस्टॉलेशन की प्रक्रिया अब तक पूरी नहीं हो सकी है। संयुक्त अस्पताल के सीएमएस संजय गुप्ता ने बताया कि मशीनों की खरीद से जुड़ी प्रक्रिया उच्च स्तर पर चल रही है। बजट आवंटन, टेंडर और सप्लाई से संबंधित औपचारिकताओं के कारण देरी हो रही है। उम्मीद है कि जल्द ही मशीनें उपलब्ध कराकर लैब को शुरू किया जाएगा।


### फंड नहीं मिलने पर रुका अस्पताल का काम

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : जिला एमएमजी अस्पताल में 100 बेड की क्रिटिकल केयर यूनिट तैयार की जा रही है, जिसका काम दिसंबर 2025 तक पूरा किया जाना था। लेकिन पूरा फंड न आने के कारण निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है। परियोजना को पूरा करने के लिए 34 करोड़ रुपये की लागत तय की गई थी, लेकिन अब तक केवल 17 लाख रुपये ही जारी हो सका है। समय पर धनराशि न मिलने के कारण निर्माण एजेंसी ने काम को बीच में ही रोक दिया।

एमएमजी अस्पताल के सीएमएस राकेश कुमार ने बताया कि निर्माण कार्य पूरा करने के लिए मार्च तक का समय मांगा गया था, लेकिन फंड न मिलने के चलते काम बीच में छोड़ना पड़ा है। इसके लिए कई बार पत्र भी लिखे गए हैं।

# कड़ाके की ठंड में बिजली कटौती से परेशान हुए शालीमार गार्डन के लोग

AI Image



■ NBT रिपोर्ट, साहिबाबाद : शालीमार गार्डन की ब्लॉक 21 मेन रोड सेक्टर-2 में बिजली विभाग की तरफ से पुराने और जर्जर खंभों को बदलने का काम शुक्रवार सुबह से किया गया। इस काम के चलते क्षेत्र की बिजली सप्लाई सुबह से दोपहर करीब 2 बजे तक पूरी तरह बंद रही, जिससे हजारों घरों के लोग परेशान नजर आए। बिजली विभाग के मुताबिक, सुरक्षा की दृष्टि से पुराने और खराब खंभों को बदलना जरूरी है, लेकिन स्थानीय निवासियों ने कहा कि बिना सूचना के लंबे समय तक बिजली कटौती से उनकी दिनचर्या बिगड़ गई है। खासकर ऑफिस जाने वाले लोगों, बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। क्षेत्र की महिलाओं ने बताया कि सर्दी के मौसम में गर्म पानी के लिए हीटर नहीं चल पाए, कपड़े धोने की मशीनें बंद रहीं और अन्य जरूरी घरेलू काम ठप हो गए। सुबह करीब 10 बजे से लोग बिजली आने का इंतजार करते रहे, लेकिन सूचना मिलने तक एक बजकर 45 मिनट तक भी सप्लाई शुरू नहीं हो सकी। बिजली विभाग के एसडीओ शालीमार गार्डन कार्यालय से मिली जानकारी के मुताबिक, बिजली सप्लाई दोपहर 2 बजे तक बहाल कर दी गई थी।


### बिजली आपूर्ति करने में विद्युत निगम हुआ फेल

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : गर्मी तो दूर, सर्दी के दिनों में भी विद्युत निगम गांव से लेकर शहर तक निर्धारित रोस्टर के अनुसार बिजली आपूर्ति करने में फेल हो रहा है। लोगों को रोजाना बिजली कटौती से जूझना पड़ रहा है। विद्युत निगम द्वारा सुधार कार्यों पर करोड़ों रुपये खर्च किए जा चुके हैं, इसके बावजूद लोगों को बिजली कटौती की समस्या कम नहीं हो रही है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के तय रोस्टर के अनुसार शहरी क्षेत्र में 24 घंटे, तहसील क्षेत्र में 23 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 17 घंटे बिजली आपूर्ति की जानी है, लेकिन शहरी क्षेत्रों में 20 से 21 घंटे, तहसील क्षेत्रों में 18 से 20 घंटे और ग्रामीण क्षेत्रों में 14 से 15 घंटे तक ही बिजली की आपूर्ति हो रही है। सुबह के समय बिजली कटौती होने से सबसे ज्यादा दिक्कत हो रही है। इससे घरों में पानी की सप्लाई बाधित हो रही है, बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शुक्रवार को मानसरोवर पार्क में 3 घंटे, क्रिश्चियन नगर बाग में 5 घंटे, प्रताप विहार में 4.5 घंटे, कैला भट्टा में 5 घंटे तथा इस्लाम नगर और जस्सीपुरा में 4 घंटे तक बिजली कटौती हुई।

# पानी जांच के लिए निगम बनाएगा अपनी लैब

AI Image

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद



**नगर निगम** के पास जल्द ही पानी की जांच के लिए अपनी लैब होगी। फिलहाल निगम कमला नेहरू नगर स्थित एनबीएल से प्रमाणित सेंट्रल लैब से पानी की जांच कराता है। पूरी वाटर प्रोफाइल की जांच के लिए एक सैंपल के लिए करीब 8 से 10 हजार रुपये का खर्च आता है। खर्च अधिक होने के कारण पूरे साल में मुश्किल से 50 से 60 सैंपल की ही जांच हो पाती है। इससे शहर में सप्लाई होने वाले पानी की गुणवत्ता पर नियमित निगरानी रखना चुनौती बना हुआ है। इस परेशानी को दूर करने और शुद्ध पेयजल की उपलब्धता के लिए निगम अपनी लैब बनाने की तैयारी कर रहा है। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

नगर निगम के जलकल विभाग के महाप्रबंधक केपी आनंद ने बताया कि प्रस्तावित लैब के लिए करीब 2 कमरों की जगह के अलावा जरूरी उपकरणों की आवश्यकता होगी। इस पर लगभग 2 करोड़ 30 लाख रुपये का अनुमानित खर्च आएगा। इसके बाद पानी की नियमित जांच संभव हो सकेगी और कम समय के साथ खर्च भी कम ही होगा। हालांकि साधारण जांच के लिए राज्य सरकार की दो लैब हैं। इसमें एक एमएमजी हॉस्पिटल और दूसरी सीएमओ ऑफिस में है।

**किट की जांच में सिर्फ क्लोरीन की मात्रा पता चलती है :** नगर निगम स्तर पर जो रुटीन पानी की सैंपलिंग की जाती है उसमें मुख्य रूप से केवल क्लोरीन की मात्रा की जांच होती है। इससे यह देखा जाता है कि सप्लाई किए जा रहे पानी में कीटाणुनाशक क्लोरीन तय मानक के अनुसार है या नहीं। यह जांच पानी किट से होती है। हालांकि इस रुटीन जांच में पानी में मौजूद जहरीले तत्व और बैक्टीरियल एलिमेंट की जांच नहीं हो पाती है। वहीं, जब सैंपल को लैब में भेजा जाता है तो वहां पूरी वाटर प्रोफाइल की जांच की जाती है।

### हाथी पार्क की पानी टंकी में लीकेज, हो सकता है हादसा

■ NBT रिपोर्ट, इंदिरापुरम : इंदिरापुरम के हाथी पार्क के पास जल निगम की बड़ी पानी की टंकी पिछले लंबे समय से लगातार लीक हो रही है। इससे यहां के लोगों में गंभीर चिंता और आक्रोश बढ़ रहा है। दिन-रात टंकी के ऊपर से पानी रिसकर नीचे गिर रहा है, जिससे न केवल टंकी कमजोर हो रही है, बल्कि आसपास की सड़क भी क्षतिग्रस्त हो रही है। निवासियों ने कहा कि यदि जल्द इस समस्या का समाधान नहीं हुआ तो भविष्य में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। जर्जर टंकी गिरने से जान माल की हानि भी हो सकती है। निवासियों के अनुसार, यह टंकी नगर निगम की ओर से संचालित है और इसी से आसपास के इलाकों में पानी की आपूर्ति की जाती है लेकिन स्थिति यह है कि लोगों को पहले ही आधा-अधूरा पानी मिल रहा है और ऊपर से टंकी में भारी लीकेज के कारण बड़ी मात्रा में पानी बर्बाद हो रहा है। इससे न केवल पानी की किल्लत बढ़ रही है, जबकि टंकी के पिलर भी लगातार कमजोर हो रहे हैं। इस पर जलकल से जेई सोमेंद्र तोमर ने कहा कि यहां पर टीम को निरीक्षण के लिए भेजा जाएगा और जल्द मरम्मत कार्य करवाया जाएगा।

### छात्रवृत्ति के नियमों में हुआ बदलाव

■ NBT न्यूज, गाजियाबाद : उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति-जनजाति व सामान्य वर्ग की दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना की नियमावली में बदलाव किया गया है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल यूनिवर्सिटी की ओर से नियमावली में हुए बदलाव से सभी कॉलेजों को अवगत कराया है। यूनिवर्सिटी के उप कुलसचिव के अनुसार निजी संस्थानों में व्यवसायिक, तकनीकी पाठ्यक्रमों में अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग में प्रवेश हेतु नैशनल व स्टेट स्तरीय प्रवेश परीक्षा से अलग प्रवेश पाने वाले छात्र-छात्राओं को पारदर्शी तरीके से प्रवेश दिया गया है तो वे दशमोत्तर छात्रवृत्ति के लिए पात्र होंगे। पारदर्शी तरीकों में विज्ञापनों के माध्यम से आवेदन आमंत्रित करना, रैंक तैयार करना व योग्यता के आधार पर छात्रों का चयन करना शामिल है।

### कंपाउंड 38 में गेट लगाने के लिए यूपीसीडा से मांगी अनुमति

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया कम्पाउंड 38 में कुछ दिन पहले एक गेट लगाने के बाद हुए विवाद का मामला इतने दिन बीतने के बाद अब उत्तर प्रदेश स्टेट इंडस्ट्रियल अथॉरिटी यूपीसीडा तक पहुंच चुका है। यूपीसीडा को श्री बालाजी इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स असोसिएशन की तरफ से लिखे पत्र में कहा है कि बालाजी इंडस्ट्रियल कॉम्प्लेक्स जो कम्पाउंड 9 में पड़ता है, वहां के परिसर में किसी भी तरह के प्रवेश द्वार के पास गेट नहीं बना है। इस कारण रात होते ही परिसर के अंदर असामाजिक तत्व नशीली दवाओं, शराब आदि का सेवन करते हैं। वहीं, ट्रक, ट्रैक्टर, ट्रॉलियां पुलिस की चेकिंग से बचने के लिए परिसर में आकर गाड़ी खड़ी करते हैं। इस कारण यहां पर एक सड़क हादसा भी हो चुका है। इसलिए उद्यमी चाहते हैं कि इस परिसर में प्रवेश द्वार लगाने की अनुमति दी जाए, ताकि यहां की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। क्योंकि यहां पर पहले कई बार चोरियां भी हो चुकी हैं। वहीं, इस पूरे मामले में यूपीसीडा के आरएम प्रदीप सत्यार्थी ने बताया कि उनके पास लिखित में शिकायत आई है। इस पूरे मामले में यह सर्वे किया जाएगा कि प्रवेश द्वार बनाना संभव है या नहीं उसके बाद ही प्रवेश द्वार के पास गेट लगाने की अनुमति दी जाएगी।

> प्रवेश द्वार के पास गेट नहीं है, इस कारण रात को परिसर के अंदर असामाजिक तत्व शराब पीते हैं


### मतदाता सूची में नियमों का पालन न करने का आरोप

■ NBT न्यूज गाजियाबाद : उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद ने शिक्षक और स्नातक निर्वाचन मतदाता सूची में संवैधानिक नियमों की धज्जियां उड़ाए जाने का आरोप लगाया है। संस्था ने इस मामले में मुख्य निर्वाचन आयुक्त से कार्रवाई की मांग की है। मांग को लेकर शुक्रवार को सिटी मजिस्ट्रेट संतोष उपाध्याय के माध्यम से निर्वाचन आयोग को ज्ञापन भी भेजा गया। ज्ञापन में कार्रवाई न होने पर शिक्षकों की ओर से आंदोलन करने और जरूरत पड़ने पर शिक्षक और स्नातक चुनाव के बहिष्कार की चेतावनी भी दी गई है। ज्ञापन देने वालों में संस्था के जिलाध्यक्ष विनोद सिंह यादव, जिला मंत्री महेंद्र सिंह नागर, जिला संयोजक राजीव त्यागी आदि शामिल थे।

### फुटपाथ पर बसों का कब्ज़ा, सोशल मीडिया पर फूटा गुस्सा

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : ट्रांस हिंडन में फुटपाथ पर निजी स्कूल बसों और प्राइवेट बस ऑनर्स की ओर से किए जा रहे अवैध कब्जे को लेकर स्थानीय लोगों का गुस्सा लगातार बढ़ता जा रहा है। पैदल चलने वालों के लिए बने फुटपाथ पर बसें खड़ी करने से आम लोगों का चलना मुश्किल हो गया है, जिसके विरोध में निवासियों ने सोशल मीडिया पर दूसरे दिन भी मोर्चा खोल दिया है। लोगों ने तस्वीरें और विडियो साझा करते हुए प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस पर सवाल उठाए। शुक्रवार को लोगों ने इंदिरापुरम के हालात दिखाए और यहां पर फोटो के माध्यम से बताया कि साइकल ट्रैक को भी बसों की पार्किंग के लिए तोड़ा जा चुका है। वहीं, निवासियों ने पोस्ट के माध्यम से दिखाया कि इंदिरापुरम में कई जगहों पर फुटपाथ पूरी तरह से बसों से घिरा हुआ है, जिस कारण बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सड़क पर चलने को मजबूर हैं। इससे हादसों का खतरा भी बढ़ गया है। पिछले दिनों वसुंधरा और वैशाली के लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए ट्रैफिक प्रशासन, नगर निगम और स्थानीय अधिकारियों को टैग किया था। प्रशासन की ओर से जल्द कार्रवाई का आश्वासन भी दिया गया था, लेकिन शुक्रवार को भी मौके पर कोई कदम नहीं उठाया गया।

> लोगों ने तस्वीरें और विडियो साझा करते हुए प्रशासन और ट्रैफिक पुलिस पर सवाल उठाए



PPL | पार्श्वनाथ पैराडाइज सोसायटी में क्रिकेट प्रीमियम लीग का शानदार आगाज

# बच्चों से लेकर बड़ों तक दिखा खेल का जुनून

Ila.Srivastava
@timesofindia.com

■ **मोहन नगर :** सोसायटी के बच्चों और निवासियों में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से पार्श्वनाथ पैराडाइज सोसायटी में पार्श्वनाथ प्रीमियर लीग (PPL) सीजन-1 का शुभारंभ किया। इस लीग में 8 वर्ष से लेकर 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग तक के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया है। 14 जनवरी को शुरू हुई इस लीग का उद्घाटन क्षेत्रीय पार्षद सचिन डागर ने किया। इस सफल आयोजन के पीछे आयोजन समिति के सदस्यों अमरदीप सोम, कपिल सोम, आदित्य राज, सचिन सक्सेना, विकास शर्मा और तन्मय सक्सेना का महत्वपूर्ण योगदान है, जिन्होंने व्यवस्थाओं को बेहतरीन ढंग से संभाला। लोगों को अब रविवार को होने वाले फाइनल मुकाबले का इंतजार है।



### बच्चों के मुकाबलों में दिखी जबरदस्त खेल भावना

ग्रुप-1 में 8–13 साल तक के बच्चों के मुकाबले खेले गए, जिनमें लगभग 50 बच्चों ने भाग लिया। लीग के तहत हर टीम में 8 खिलाड़ी शामिल हैं और मैच 10–10 ओवर के खेले जा रहे हैं। आयोजक अमरदीप सोम और आदित्य राज ने बताया कि बच्चों की लीग के सभी मुकाबले पूरे हो चुके हैं। फाइनल मुकाबला रविवार को Unbeatable Rivals (C8) और Thunder Warriors (A8) के बीच खेला जाएगा।

### रोमांचक मुकाबलों ने बढ़ाया उत्साह

पार्श्वनाथ स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए उद्घाटन मुकाबले में TITENS और HITTERS आमने-सामने रहे। टॉस जीतकर TITENS के कप्तान सचिन सक्सेना ने पहले गेंदबाजी का फैसला किया। HITTERS की टीम 10 ओवर में 68 रन पर सिमट गई, जिसे TITENS ने 9.4 ओवर में हासिल कर लिया। अमित ने 3 विकेट लेकर प्लेयर ऑफ द मैच का खिताब जीता। वहीं 15 जनवरी को खेले गए नाइट मैच में टीम नं. 1 TITANS ने टीम नं. 8 HITTERS को रोमांचक मुकाबले में 1 विकेट से हराया। इस मैच में अमित अग्रवाल मैन ऑफ द मैच और निखिल फाइटर ऑफ द मैच रहे। ग्रुप तीन में 24 खिलाड़ियों की भागीदारी रही। तीनों ग्रुप्स का फाइनल मुकाबला रविवार को होगा।

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 17-01-2026 Zone: TIMSGhaziabad Edition: 1 Page: HDGZPG3 User: cci Time: 01-16-2026 23:07 Color:



## फटाफट खबरें

### कुंडल झपटकर बाइक सवार फरार

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना धौलाना क्षेत्र में मंदिर से लौट रही महिला के कुंडल लूटकर बाइकसवार बदमाश फरार हो गए। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, गांव हसनपुर लोढ़ा निवासी कमलेश मंदिर से पूजा कर पैदल ही घर लौट रही थी। गांव बबावड़ की ओर जाने वाले रास्ते पर पीछे से आए बाइक सवार बदमाश कानों से कुंडल खींचकर फरार हो गए। झपट्टे के कारण उसके कान फट गए। थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष चौहान ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### बीटेक छात्र लापता, पुलिस जांच में जुटी

■ NBT न्यूज, मोदीनगर : नगर की बैंक कॉलोनी निवासी बीटेक छात्र संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने अनहोनी की आशंका जता थाने में तहरीर दी है। पुलिस छात्र की तलाश कर रही है। नगर की बैंक कॉलोनी निवासी अनुराग वत्स का 20 वर्षीय बेटा सौम्य वत्स गाजियाबाद स्थित एक निजी कॉलेज में बीटेक का छात्र है। गुरुवार को वह कॉलेज गया था, लेकिन शाम वापस नहीं आया। जानकारी करने पर पता चला कि वह कॉलेज भी नहीं गया था।

### दबंगों ने पड़ोसी पर किया ईंट से हमला

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : साहिबाबाद क्षेत्र के अर्थला न्यू हिंडन विहार कॉलोनी में दो सगे भाइयों ने पड़ोसी पर ईंट से हमला कर दिया। हमले में ईंट लगने से एक युवक घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से शिकायत की है। न्यू हिंडन विहार की निलमड़ी कॉलोनी निवासी महबूब अहमद ने शिकायत में बताया कि 13 जनवरी को वह अपनी पत्नी से बात कर रहे थे, तभी उनका पत्नी से विवाद होने लगा। इसी दौरान पास के मकान में रहने वाले अजीम और नजीम दोनों भाई आए और उनके साथ गाली गलौज और मारपीट करने लगे। विरोध करने पर आरोपी दोनों भाइयों ने उन पर ईंट से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर लिया गया है।

### दो घरों के ताले तोड़ जूलरी-नकदी चोरी

■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना सिंभावली क्षेत्र में चोरों ने दो घरों के ताले तोड़कर लाखों के जेवरात व नकदी चुरा ली। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फरीदपुर निवासी प्रदीप ने बताया कि वह किसी निजी कार्य से परिवार सहित हापुड़ गया था। रात के समय चोरों ने घर का ताला तोड़कर अलमारी और संदूक में रखे गहने और करीब 10 हजार रुपये नकदी चुरा ली। उधर, गांव हिम्मतपुर निवासी रहनुमा ने बताया कि वह और उनकी बहन दोनों विधवा है। दोनों का विवाह एक ही परिवार में हुआ था। वे कभी-कभार ही अपने पैतृक घर आती है। उनके घर का ताला तोड़कर चोर लाखों की जूलरी व सामान ले गए। थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### कार का शीशा तोड़ लैपटॉप व पर्स चोरी

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नगर कोतवाली क्षेत्र में आंबेडकर पार्क पर खड़ी कार का शीशा तोड़कर लैपटॉप और पर्स चुरा लिया। घटना तीन जनवरी दोपहर की है। मामले में शिकायत के 12 दिन बाद केस दर्ज हुआ। शिकायत में सरिता विहार निवासी अरुण कुमार ने बताया कि वह तीन जनवरी को आंबेडकर पार्क के सामने कार खड़ी कर शोरूम में चले गए। वापस आए तो कार का बायां और का पीछे का शीशा टूटा मिला। कार में रखे दो बैग, एक लैपटॉप, दो वॉलेट, एक पावर बैंक, पांच हजार कैश और कार के दस्तावेज नहीं मिले। मामले में उन्होंने पुलिस से शिकायत की। एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी का कहना है कि मामले में जांच कर कार्रवाई की जा रही है।


### युवती ने लगाया दुष्कर्म का आरोप

■ NBT न्यूज, मोदीनगर: नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती से शादी का झांसा देकर पांच साल तक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। शादी की बात कहने पर आरोपी ने युवती को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस जांच के बाद कार्रवाई करने की बात कह रही है। नगर की एक कॉलोनी निवासी युवती का आरोप है कि पांच साल पहले युवक ने शादी का वादा कर उससे संबंध बनाए। इसके बाद युवक लगातार दुष्कर्म करता रहा। पिछले दिनों युवक की शादी और कहीं तय हो गई। जब युवती ने शादी करने की बात की, तो आरोपी ने मारपीट कर घायल कर दिया। युवती की मां ने मोदीनगर थाने में तहरीर दी।

# 55 हज़ार करोड़ फंसे, 15 बड़े बिल्डरों पर हो सकता है एक्शन

pravesh.singh
@timesofindia.com


■ नोएडा : जेपी ग्रुप और सुपरटेक समूह पर सख्ती के बाद नोएडा के 15 और बिल्डर आर्थिक अपराध शाखा (EOW) के रडार पर हैं। नोएडा अथॉरिटी की ओर से EOW में इनके खिलाफ भेजी गई रिपोर्ट पर जांच पूरी हो चुकी है और अब कई पर कार्रवाई होने की तैयारी शुरू हो गई है। जांच के दौरान अथॉरिटी से जो दस्तावेज EOW ने इन बिल्डरों व इनके प्रॉजेक्टों के संबंध में मांगे थे। वह सब नोएडा अथॉरिटी ने भेज दिए हैं जिसके चलते अब किसी भी दिन इन बिल्डरों पर गाज गिर सकती है। इन 15 प्रॉजेक्टों में नोएडा अथॉरिटी का करीब 55 हजार करोड़ रुपया फंसा हुआ है और शहर में 25 से 30 हजार बायर्स इन प्रॉजेक्टों में फंसे हुए हैं। केंद्र की अमिताभ कांत पॉलिसी को इसीलिए प्रदेश सरकार ने लागू किया था ताकि ज्यादा से ज्यादा फंसे हुए प्रॉजेक्टों को रिवाइव किया जा सके। बावजूद इसके लिए इस पॉलिसी के लागू होने के बाद भी जिन बिल्डरों ने प्रॉजेक्ट के रिवाइव करने में कोई रुचि नहीं दिखाई। नोएडा अथॉरिटी ने इनके खिलाफ ईओडब्ल्यू में रिपोर्ट भेजी थी। इनमें से कई बिल्डरों पर मुकदमा दर्ज हो चुका है। कुछ की जांच चल रही थी।



- नोएडा अथॉरिटी की ओर से EOW में भेजी गई रिपोर्ट पर जांच पूरी
- जांच के दौरान अथॉरिटी ने EOW को सौंपे थे सारे दस्तावेज
- प्रॉजेक्ट को रिवाइव करने में कोई रुचि नहीं दिखाई गई

" इन सभी बिल्डर व उनके संबंधित प्रॉजेक्ट को लेकर नोएडा अथॉरिटी ने ईओडब्ल्यू में रिपोर्ट भेजी थी। जिसकी जांच के दौरान अथॉरिटी से जो दस्तावेज मांगे गए थे, वह सभी अथॉरिटी ने उपलब्ध करा दिए है। करीब 55 हजार करोड़ अथॉरिटी का इन बिल्डरों पर फंसा हुआ है और हजारों बायर्स संघर्ष कर रहे है। – कृति शेखर, ओएसडी, नोएडा अथॉरिटी

1. इन प्रॉजेक्ट्स में नोएडा अथॉरिटी का करीब 55 हजार करोड़ रुपया फंसा
2. शहर में 25से 30 हजार बायर्स कर रहे अपने घरों का इंतजार



### फंड दूसरी जगह लगाने के आरोप

इनमें अधिकतर बिल्डरों पर फंड डायवर्जन का आरोप है जिसके चलते इनके प्रॉजेक्ट फंस गए है। यानि संबंधित प्रॉजेक्ट का पैसा उसी प्रॉजेक्ट में न लगाकर किसी दूसरी कंपनी या प्रॉजेक्ट में इन बिल्डरों ने लगा दिया है और संबंधित प्रॉजेक्ट उसकी वजह से फंस गया है। जिनमें कि 25-30 हजार बायर्स फंसे है और नोएडा अथॉरिटी का भी करीब 55 हजार करोड़ इन बिल्डरों पर फंसा हुआ है।

### इन बिल्डरों की रिपोर्ट भेजी गई

किंडले इंफ्राहाइट्स लि, अर्थटेक कार्डेवट्स लि, आईवीआई प्राइम, आशीष डवलपर एंड प्रमोटर्स, लॉजिक्स सिटी डवलपर्स, ट्रूडे होम्स नोएडा लि, जीएसएस प्रोकॉन, वेनअट मेट प्र. लि, वेनअट शुभकामना बिल्डटेक प्र. लि सिक्का इफ्रास्ट्रक्चर लि, सम्पदान इफाटेक लि, महागुन रियल एस्टेट लि, टीजीबी इंफ्रास्ट्रक्चर लि, किंडले इफाहाइट्स लि।


### जुआ खेलने की सजा मात्र 200 रुपये जुर्माना

■ NBT न्यूज, आरडीसी : लोनी बॉर्डर थाना क्षेत्र में जुआ खेलने के मामले में अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराकर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने पर आरोपी को दो दिन का साधारण कारावास भुगतना पड़ेगा। कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, सिविल जज (सीडी)/त्वरित न्यायालय की न्यायाधीश सुमन सोलंकी ने मामले की सुनवाई करते हुए रितिक को दोषी करार दिया। कोर्ट के समक्ष आरोपी ने बिना किसी दबाव के स्वेच्छा से जुर्म स्वीकार किया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को अभिरक्षा में लेकर जेल भेज गया।

### सड़क हादसे मे 2500 रुपये जुर्माना लगाया

■ NBT न्यूज, आरडीसी : अंकुर विहार थाना क्षेत्र में कार को लापरवाही से चलाकर हादसा करने के मामले में कोर्ट ने आरोपी को दोषी ठहराया है। विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट संख्या-2, गाजियाबाद ने आरोपी राजेश शर्मा को जुर्माने की सजा सुनाई है। कोर्ट से मिली जानकारी के अनुसार, वर्ष 2023 में अंकुर विहार थाना क्षेत्र में हुई घटना में आरोपी ने वैगनआर से लोगों को टक्कर मारी थी। सुनवाई के दौरान आरोपी राजेश शर्मा ने कोर्ट में अपना अपराध स्वीकार कर लिया। दोनों पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने आरोपी को 2500 रुपये के जुर्माने से दंडित किया।

## ऑन डिमांड अवैध हथियार सप्लाई करने के 3 आरोपी अरेस्ट




आरोपियों के पास से 6 तमंचे, चार पिस्टल, मोबाइल व बाइक बरामद

■ NBT न्यूज, हापुड़


थाना धौलाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक पर घूम रहे तीन हथियार तस्करी के आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पिस्टल, तमंचे आदि बरामद किए है। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि थाना धौलाना पुलिस ने चेकिंग के दौरान देहरा झाल के पास से बाइकसवार हथियार तस्करी के आरोपी पिलखुवा निवासी नमन, चिराग उर्फ चिंटू व अलीगढ़ निवासी दीपक को गिरफ्तार किया है। उनके पास से 6 तमंचे, चार पिस्टल, मोबाइल व बाइक बरामद की है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वह ऑन डिमांड पांच हजार रुपये में तमंचा, 40-45 हजार में अवैध पिस्टल बेचकर मोटी कमाई करते थे। दीपक पर पांच व चिराग पर तीन मुकदमे दर्ज है।

### 8 मुकदमे दर्ज है



- थाना धौलाना क्षेत्र में पुलिस ने चेकिंग के दौरान बाइक पर घूमते समय अरेस्ट किया है
- पिलखुवा निवासी नमन, चिराग उर्फ चिंटू व अलीगढ़ निवासी दीपक है आरोपी

## पानी की टंकी पर चढ़ युवक ने दी गालियां, विडियो वायरल



धौलाना तहसील परिसर में गांव खेड़ा निवासी रोहित ने पानी की टंकी पर चढ़कर हाईवोल्टेज ड्रामा किया

■ NBT न्यूज, हापुड़

थाना धौलाना क्षेत्र की तहसील परिसर स्थित पानी की टंकी पर शुक्रवार सुबह एक युवक चढ़ गया और गालियां देने लगा। जिसका विडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस ने समझा बुझाकर उसे नीचे उतारा।

पुलिस ने सूझबूझ से युवक को सकुशल नीचे उतारा


जानकारी के अनुसार, धौलाना तहसील परिसर में गांव खेड़ा निवासी रोहित पानी की टंकी पर चढ़ कर हाईवोल्टेज ड्रामा करने लगा। पता चलने पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, तहसीलकर्मी और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सूझबूझ से युवक को सकुशल नीचे उतारा।


### साइबर ठगी की 66 हजार की रकम पीड़ित को लौटाई



■ NBT न्यूज, हापुड़ : थाना देहात क्षेत्र के मोहल्ला पन्नापुरी निवासी युवक के खाते से साइबर ठगों की ओर से निकाले गए 66 हजार रुपये पुलिस ने वापस डलवा दिए है। थाना हापुड़ देहात क्षेत्र के मोहल्ला पन्नापुरी के देव गोयल ने बताया कि उनके खाते से साइबर ठगों ने यूपीआई के जरिये 66,200 रुपये निकाल लिए थे। थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि साइबर ठगों की ओर से निकाली रकम पीड़ित को लौटा दी गई है।

## मसूरी में ईंटों पर कारों को खड़ा कर आठ टायर ले गए चोर





■ NBT रिपोर्ट, मसूरी : कोहरे का फायदा उठाकर मसूरी क्षेत्र की रफीकाबाद कॉलोनी में घर के पास प्लॉट में खड़ी दो कारों को ईंटों पर खड़ी कर टायर चुरा ले गए। घटना शुक्रवार तड़के करीब चार बजे की है। जानकारी के अनुसार, रफीकाबाद कॉलोनी की गली नंबर पांच में रहने वाले अजाज की एमेज कार और शहाफत्द की ब्रेजा कार घर के पास प्लॉट में खड़ी थी। शुक्रवार सुबह करीब साढ़े सात बजे पड़ोसी ने टायर चोरी होने की सूचना दी। कार मालिको ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ितों का कहना है कि घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे देखने पर पता चला कि घटना शुक्रवार सुबह चार बजकर पांच मिनट की है। फुटेज में दो चोर कार के टायर खोलते नजर आ रहे है। एसीपी मसूरी लिपि नगायच का कहना है कि मामले में जांच की जा रही। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को मारी टक्कर

■ NBT न्यूज, लोनी : अंकुर विहार थाना एरिया में गढ़ी कटैया गांव के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे परिजनों ने घायल को प्राइवेट अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया है, जहां उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि पीड़ित के भाई की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

### युवक को वाहन चालक ने मारी टक्कर, विरोध पर धमकाया

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

कविनगर क्षेत्र में डायमंड फ्लाईओवर के पास एक युवक को वाहन चालक ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसके दोस्तों ने विरोध किया तो आरोपी ने गाली-गलौज कर धमकाया। हादसा आठ जनवरी की रात का है। मामले में औद्योगिक क्षेत्र निवासी सर्वेश यादव ने कविनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। शिकायत में बताया कि आठ जनवरी की रात बाजार से सामान लेकर वह अपने दोस्त गुड्डू यादव और जंग बहादुर के साथ कमरे पर जा रहे थे। डायमंड फ्लाईओवर के पास एक मालवाहक चालक ने गुड्डू को टक्कर मार दी। उनका दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपी चालक उन्हें ही डराने धमकाने लगा और गाली-गलौज की। घायल अवस्था में गुड्डू को अस्पताल में भर्ती कराया।

### बाइक सवारों ने युवक को पीटा

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : नंदग्राम क्षेत्र में घर जा रहे युवक पर कुछ युवकों ने जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने भारी वस्तु से सिर पर वार कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना 14 जनवरी की है। मामले में गांव अटौर नंगला निवासी मुकेश सहलोत ने नंदग्राम थाने में मुरादनगर के भोजपुर निवासी मुकेश उर्फ मुक्कू, कार्तिक, गुलसन और अन्य के खिलाफ केस दर्ज कराया है। शिकायत में बताया कि वह दोस्त के साथ घर जा रहे थे। स्कूटी पर आए युवकों ने उन्हें रोक लिया और मारपीट करने लगे। हमलावरों ने उनके सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया। एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय का कहना है कि मामले में जांच की जा रही है।

## 4 किलो गांजे संग 3 आरोपी गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद



अवैध मादक पदार्थ की तस्करी और सेवन करने वालों के खिलाफ गुरुवार रात क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला तस्करी के आरोपी को अरेस्ट किया है। वहीं, मसूरी पुलिस ने भी तस्करी करने के आरोप में दो को गिरफ्तार किया है। तीनों के पास से करीब चार किलो गांजा बरामद हुआ है।

एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल के नेतृत्व में क्रॉसिंग रिपब्लिक थाना पुलिस ने गुरुवार शाम सात बजे से रात 11 बजे तक सर्च अभियान चलाया। इस दौरान तस्करी के एक आरोपी को पकड़ा। उसके पास से दो किलो 360 ग्राम गांजा बरामद हुआ। आरोपी की पहचान मूलरूप से अलीगढ़ के गांव छर्रा बमौरी कला व हाल क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र के लाल क्वार्टर सुदामापुरी निवासी रवि (22) के रूप में हुई है। पूछताछ में उसने गांजा पीने का आदी बताया। वह ओडिशा से कम दाम पर गांजा खरीदकर लाता है और छोटी-छोटी पुड़िया बनाकर बेचता भी है। वहीं, मसूरी पुलिस ने दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पुल के नीचे नेल चौकी क्षेत्र में दो गांजा तस्करी के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। एसीपी मसूरी लिपि नगायच ने बताया कि उनकी पहचान कल्लूगढ़ी मसूरी निवासी गोलू खान और कैफ के रूप में हुई है। दोनों के कब्जे से एक किलो 469 ग्राम गांजा बरामद किया गया।

## मनी लॉन्ड्रिंग केस में अल-फलाह विवि चेयरमैन के खिलाफ चार्जशीट दाखिल

■ NBT रिपोर्ट, नई दिल्ली





प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लॉन्ड्रिंग केस में अल-फलाह यूनिवर्सिटी, उसके चेयरमैन जवाद अहमद सिद्दीकी और चैरिटेबल ट्रस्ट के खिलाफ दिल्ली की साकेत कोर्ट में स्थित विशेष अदालत में चार्जशीट दायर की है। ईडी के मुताबिक, 54 एकड़ के यूनिवर्सिटी कैंपस में 140 करोड़ की प्रॉपर्टी जब्त की गई है। आरोप है कि फंड का गलत इस्तेमाल किया गया और पैसों के स्रोत छिपाए गए। ईडी ने बैंक ट्रांजैक्शन और फाइनैंशल रिकॉर्ड की जांच के आधार पर ये आरोप लगाए हैं।

**सिद्दीकी को नवंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था:** ईडी की जांच दिल्ली पुलिस के उन मामलों के बाद शुरू हुई, जिनमें आरोप लगाया गया था कि यूनिवर्सिटी ने गलत तरीके से मान्यता का दावा किया था। 10 नवंबर को लाल किले की घटना से जुड़ा लिंक सामने आने के बाद जांच का दायरा बढ़ा, जिसमें यूनिवर्सिटी के एक असिस्टेंट प्रफेसर शामिल थे। सिद्दीकी को नवंबर 2025 में गिरफ्तार किया गया था।


### खोड़ा पुलिस ने दो बाइक और ऑटो संग दो वाहन चोर पकड़े

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : खोड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। दोनों की निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की एक और बाइक व एक ऑटो बरामद किया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि गुरुवार देर रात खोड़ा पुलिस ने चेकिंग के दौरान चोरी की बाइक के साथ दो युवकों को पकड़ा। पूछताछ में उनकी पहचान खोड़ा के इंद्रा गार्डन निवासी तुषार और दिल्ली गाजीपुर निवासी शेमरान के रूप में बताई। बाइक गाजीपुर मंडी और दिल्ली से चोरी की थी और ऑटो खोड़ा कॉलोनी से चोरी किया था। एसीपी का कहना है कि मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।



### चोरी का सामान बेचने जा रहे तीन आरोपियों को भेजा जेल

■ NBT न्यूज, लोनी : लोनी बॉर्डर थाना एरिया में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सोनू सिटी कॉलोनी से तीन चोरों को अरेस्ट किया है। एसीपी अंकुर विहार ज्ञान प्रकाश राय ने बताया कि बदमाश आदिल, मोनू भोपुरा के रहने वाले व राहुल उर्फ लोमड़ी तिरंगा कॉलोनी थाना टीला मोड़ का रहने वाला है। पूछताछ में इन्होंने बताया कि करीब डेढ़ माह पहले उन्होंने अपने साथी चेतू उर्फ कृष्णा के साथ मिलकर कॉलोनी के बंद मकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। मंगलसूत्र व कान की बाली को उनके साथी ने बेचने के लिए अपने पास रख लिया था। जिसे बागपत पुलिस ने पकड़ कर जेल भेज दिया है।



## महिला के बैग से 40 हज़ार निकालकर कागज़ की गड्डी रख ठग फरार

■ NBT न्यूज, मुरादनगर

कस्बा रोड पर बैंक से पैसे लेकर आ रही महिला से 40 हजार की ठगी हो गई। ठगों ने महिला के बैग से पैसे निकाल लिए और कागज की गड्डी रखकर फरार हो गए। पीड़िता ने थाने में तहरीर दी है। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश कर रही है।

नगर की दरगाह कॉलोनी निवासी दर्शन की पत्नी छाया शुक्रवार को कस्बा मार्ग स्थित इंडियन बैंक से पैसे निकालने गई थी। जब वह पैसे निकालने के लिए फॉर्म भर रही थी, इसी बीच दो युवक आए और उनकी मदद करने को कहा। पैसे लेकर वह बाहर आई तो दोनों युवकों ने उसे बातों में उलझा लिया। उनके जाने के बाद महिला ने अपना बैग देखा तो उसमें रखी नकदी गायब थी। उनकी जगह कागज की गड्डी पड़ी हुई थी। पीड़िता मुरादनगर थाने पहुंची और तहरीर दी। एसीपी मसूरी सर्किल ने बताया कि बैंक की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश की जाएगी।

बैंक में फॉर्म भरने के दौरान ठगों ने पीड़िता से मदद करने के बहाने शुरू की बातचीत

### पेमेंट अपडेट के नाम पर फोन हैक कर निकाले रुपये

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : पेमेंट अपडेट करने का झांसा देकर साइबर ठग ने एक शख्स का पहले फोन हैक किया, फिर खाते से 90 हजार रुपये निकाल लिए। मामले में विजयनगर के प्रताप विहार निवासी जुगल किशोर कांडपाल ने विजयनगर थाने में केस दर्ज कराया है। शिकायत में बताया कि पांच जनवरी को उनके पास एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉलर ने खुद को आईजीएल कंपनी से बताया। कहा कि आपने आईजीएल की पेमेंट की है। उसे फोन से अपडेट कर दीजिए। ऐसा करने पर उनका फोन हैक हो गया। कुछ देर बाद उन्हें पता चला कि शातिर ने उनके खाते से 90290 रुपये निकाल लिए।

## धमाके के साथ फटी सीटी-पीटी मीटरिंग यूनिट, आग और गर्म तेल से पांच झुलसे

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन

खोड़ा क्षेत्र में आजाद विहार में कविता पैलेस सिनेमा हॉल के सामने रखी सीटी-पीटी मीटरिंग यूनिट शुक्रवार को धमाके के साथ फट गई। इससे निकली आग और गर्म तेल में 5 लोग झुलस गए। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

खोड़ा के आजाद विहार में सिनेमा हॉल के पास विद्युत निगम की मीटरिंग यूनिट लगी है। ये खोड़ा क्षेत्र में हो रही बिजली सप्लाई का रेकॉर्ड रखती है। शुक्रवार दोपहर साढ़े 12 बजे अचानक यह यूनिट धमाके के साथ फट गई। हादसे में कमलेश कुमार चौधरी, पंकज, अरुण, अतुल माथुर समेत एक अन्य व्यक्ति झुलस गया। सभी घायलों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज चल रहा है। हादसे में बुरी तरह झुलसे कमलेश कुमार चौधरी ने बताया कि वह कविता पैलेस के पास बिरयानी खरीद रहे थे तभी अचानक हादसा हो गया। वह मदद के लिए चिल्लाते रहे, लेकिन आग बुझाने कोई नहीं आया। इसके बाद उन्होंने नाली में कूदकर किसी तरह आग बुझाई। इस हादसे में उनके दोनों हाथ और पीठ बुरी तरह झुलस गए। घायल अतुल माथुर ने बताया कि वह पास की ही दुकान पर काम करते है और दुकान के बाहर बैठे थे, तभी धमाका हुआ गर्म तेल उनके ऊपर गिर गया, जिससे वह झुलस गए। हादसे के बाद राहगीरों ने घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया।

### घायलों को सहायता उपलब्ध कराई


विद्युत निगम के अधीक्षण अभियंता अखिलेश कुमार ने कहा कि हादसे की जांच अधिशासी अभियंता को दी गई है। नियमानुसार घायलों को सहायता भी उपलब्ध कराई जाएगी। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि घायलों की हालत स्थिर है। विद्युत निगम की ओर से भी सूचना दी गई है। शिकायत पर जांच करेंगे।

### युवती के अश्लील फोटो एडिट कर किए वायरल


■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : टीला मोड़ क्षेत्र के में रहने वाली युवती का फोन हैक कर अश्लील फोटो विडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करने का मामला सामने आया है। आरोपी डिलीट करने के नाम पर रुपयों की मांग कर रहा है। थानों के कई बार चक्कर काटने के बाद गुरुवार को टीलामोड़ थाना पुलिस ने केस दर्ज किया है। शिकायत में युवती ने बताया कि आरोपी अंकित ने 28 अप्रैल, 20 जुलाई, 31 अगस्त को अश्लील फोटो और विडियो वायरल किए। इसके बाद तेजाब डालने की और दुष्कर्म की धमकी दी जाने लगी। एसीपी शालीमार गार्डन अतुल कुमार ने बताया कि मामले में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

नवभारत टाइम्स
4 गाजियाबाद। शनिवार, 17 जनवरी 2026
Advertorial, Entertainment Promotional Feature
Enterटेनमेंट masalamix

## अपने विवादित शब्दों पर हनी सिंह ने मांगी माफी




रैपर यो यो हनी सिंह एक कॉन्सर्ट के दौरान अश्लील टिप्पणी करके विवादों में फंस गए। अब हनी ने वीडियो जारी कर माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि उनका इरादा युवाओं को सुरक्षित सेक्स का संदेश देने का था पर शब्दों का चयन गलत हो गया। वह आगे सावधान रहेंगे।




# इस साल OTT पर हिट रहेंगे पुराने शोज के नए सीजन !

> अब कम ही ऐसे शोज आ रहे हैं जिनके नए सीजन आ पाएं। यहां भी एक ठहराव आ गया है।
> - हुमा कुरैशी, ऐक्टर




**2026 में इन नए सीजन का इंतजार**

| | |
|---|---|
| कोहरा 2, द रॉयल्स 2, सिंगल पापा 2 (संभावित) | (नेटफ्लिक्स) |
| अनदेखी 4, गुल्लक 5 | (सोनी लिव) |
| पंचायत 5 | (प्राइम विडियो) |
| बिंदिया के बाहुबली 2 | (एमएक्स प्लेयर) |

Upma.Singh@timesofindia.com

ओटीटी के कॉन्टेंट को समृद्ध बनाने में पुराने हिट शोज के नए-नए सीजन का बड़ा योगदान रहा है। यही वजह है कि यह सिलसिला साल दर साल जारी है। ऐसे में, साल 2026 में भी अनदेखी, गुल्लक और पंचायत जैसी OTT की चर्चित वेब सीरीज के नए सीजन दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

### हिट शोज के सीक्वल का सिलसिला रहेगा जारी

नए साल में पुराने हिट शोज की नई कड़ियां जुड़ने का सिलसिला सोनी लिव के शो फ्रीडम ऐट मिडनाइट 2 के साथ शुरू हो चुका है। देश के विभाजन पर आधारित 2024 में आए निखिल आडवाणी निर्देशित इस शो को काफी पसंद किया गया था, वहीं इसके दूसरे सीजन को भी काफी तारीफें मिलीं। इस प्लेटफॉर्म पर शार्क टैंक इंडिया और मास्टरशेफ इंडिया के नए सीजन के अलावा अनदेखी 4 और गुल्लक 5 जैसे चर्चित शो के नए सीजन भी देखने को मिलेंगे। इसी तरह, प्राइम विडियो पर पंचायत का 5वां सीजन दर्शकों को लुभाएगा तो एम एक्स प्लेयर पर रणवीर शौरी और विनीत कुमार स्टारर बिंदिया के बाहुबली का दूसरा सीजन आएगा। जबकि, नेटफ्लिक्स पर बरुण सोबती और सुविंदर विकी स्टारर चर्चित शो कोहरा का दूसरा सीजन, जीनत अमान, भूमि पेडनेकर, ईशान खट्टर, डीनो मोरिया, चंकी पांडे जैसे स्टार से सजे द रॉयल्स का सेकंड सीजन और कुणाल खेमू की मुख्य भूमिका वाली वेब सीरीज सिंगल पापा का दूसरा सीजन भी आ सकता है। हालांकि, अभी इन शोज की रिलीज डेट्स की अनाउंसमेंट बाकी है।

### 2025 में भी रहा नए सीजन का दबदबा

बीते साल भी ओटीटी पर पुराने शोज के नए सीजन का काफी दबदबा रहा। जियो हॉटस्टार पर केके के स्पेशल ऑप्स का सीजन 2, काजोल के द ट्रायल का सीजन 2, पंकज त्रिपाठी के हिट शो क्रिमिनल जस्टिस का सीजन 4 चर्चा में रहा, तो सोनी लिव पर हुमा कुरैशी की मुख्य भूमिका वाली सीरीज महारानी का चौथा सीजन आया। नेटफ्लिक्स पर भी देल्ही क्राइम 3, राणा नायडू 2, खाकी: द बंगाल चैप्टर जैसे नए सीजन आए। इसी तरह, प्राइम विडियो पर भी बीते साल पाताल लोक 2, पंचायत 4, फैमिली मैन सीजन 3, फोर मोर शॉट्स प्लीज 4 जैसे कई हिट शोज के सीक्वल आए। वहीं, एमएक्स प्लेयर पर बॉबी देओल के एक बदनाम आश्रम और सुनील शेट्टी और जैकी श्रॉफ अभिनीत क्राइम-थ्रिलर वेब सीरीज हंटर: टूटेगा नहीं तोड़ेगा 2 भी चर्चा में रहा।

**शो हिट, तो सीजन फिट**

ओटीटी पर सीरीज के नए सीजन की ये कड़ियां तभी जुड़ती हैं, जब शो हिट हो, वरना कई बार धूमधाम से आए पहले सीजन के नए चलने पर आगे की कहानी डब्बे में ही बंद रह जाती है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण अनुराग कश्यप का चर्चित शो सेक्रेड गेम्स है, जिसके दूसरे सीजन को दर्शकों की सुस्त प्रतिक्रिया मिलने के बाद तीसरे सीजन की हरी झंडी ही नहीं मिली। इसी तरह, शाहरुख खान की इमरान हाशमी स्टारर बार्ड ऑफ ब्लड, माधुरी दीक्षित की द फेम गेम, तिग्मांशु धूलिया की द ग्रेट इंडियन मर्डर सरीखी कई वेब सीरीज को दर्शकों की ठंडी प्रतिक्रिया मिलने के चलते पहले सीजन के बाद ही बंद कर दिया गया, जबकि शो के अंत में कहानी आगे बढ़ाने का इशारा साफ तौर पर किया गया था। इस लिहाज से ओटीटी के शुरुआती दौर में आए पंचायत, मिर्जापुर, अनदेखी, महारानी, देल्ही क्राइम, गुल्लक जैसे शोज के ही सीजन दर सीजन आ रहे हैं, जबकि हाल के सालों में आए कुछ ही कहानियां नए सीजन तक पहुंच पाई हैं।

# सिर चकरा देगी वीर दास की यह खतरनाक जासूसी

Upma.Singh@timesofindia.com



**फिल्म**
**हैपी पटेल: खतरनाक जासूस**
**रेटिंग** ★★☆☆☆
**निर्देशक:** वीर दास, कवि शास्त्री
**कलाकार:** वीर दास, मोना सिंह, मिथिला पालकर, शारिब हाशमी, आमिर खान, इमरान खान, सृष्टि तावड़े आदि।
**जॉनर:** डार्क कॉमिडी, एक्शन
**अवधि:** 2 घंटे 1 मिनट

'मैं टॉम को भूत चाहता हूं। टॉम को दिक कर भूत अच्छा लगता है?' बात समझ में आई? पढ़कर मजा आया? अगर हां, तभी आपको वीर दास की फिल्म हैपी पटेल: खतरनाक जासूस रास आएगी। वरना सिर के ऊपर से निकल जाएगी, क्योंकि फिल्म में हैपी की जासूसी ही नहीं, हिंदी भी खतरनाक है। अंतरराष्ट्रीय एमी अवॉर्ड विजेता वीर दास स्टैंड अप कॉमिडी में बड़ा नाम हैं। उनकी एक ऑडियंस है- अंग्रेजी स्लैंग बोलने, डबल मीनिंग जोक्स पर हंसने और बीच में आए सोशियो पॉलिटिकल तंज पर वाह-वाह करने वाली। यह फिल्म उसी ऑडियंस के लिए है।

कहानी 90 के दशक में गोवा में शुरू होती है, जहां गैंगस्टर जिम्मी (आमिर खान) और दो अंतरराष्ट्रीय एजेंट्स के बीच मुठभेड़ होती है। मुठभेड़ में जिम्मी तो मारा जाता है, पर इन एजेंट्स के जिम्मे एक अनाथ बच्चा भी आ जाता है। कहानी तीस साल बाद आज में पहुंचती है, जहां वह बच्चा हैपी (वीर दास) अपने एजेंट पिता की राह पर चलना चाहता है, मगर वह एमआई 7 (यूके की एजेंसी का स्पूफ) का एग्जाम 7 बार फेल हो चुका है। इसके बावजूद, एजेंसी उसे उसकी जन्मभूमि गोवा में एक गोरी साइंटिस्ट को ढूंढने के मिशन पर भेज देती है। गोवा में हैपी की मुलाकात लोकल कोऑर्डिनेटर गीत (शारिब हाशमी), उसकी जूनियर रोक्सी (सृष्टि तावड़े), एक लोकल डॉसर रूपा (मिथिला पालकर) और मामा (मोना सिंह) से होती है। मामा असल में इलाके की डॉन और जिम्मी की बेटी है, जिसने उस साइंटिस्ट को कैद कर रखा है। हैपी मिशन में कामयाब होता है या नहीं? यह जानने के लिए फिल्म देखें।

वीर ने फिल्म में ऐक्टिंग के अलावा लेखन (अमोघ रणदिवे के साथ) और निर्देशन (कवि शास्त्री के साथ) का जिम्मा भी संभाला है। सारे किरदार एक से बढ़कर एक अतरंगी हैं। शुरू से आखिर तक अजीबोगरीब चीजें चलती हैं। ऐक्टिंग वीर ने बढ़िया की है। हैपी के रूप में उनका मासूम अंदाज लुभाता है। मोना सिंह दमदार ऐक्ट्रेस हैं, पर उनका किरदार ही बेहद अटपटा लगता है। शारिब हाशमी और सृष्टि तावड़े ने मजबूत सहयोग दिया है। जबकि, मिथिला पालकर अच्छी लगी हैं। आमिर खान और इमरान खान के कैमियो असरदार हैं। तकनीकी रूप से फिल्म ठीकठाक है। जबकि, गाने बेमाने से हैं जो याद नहीं रहते।

**क्यों देखें**
अंग्रेजी वाली स्टैंड अप कॉमिडी के शौकीन हैं, तभी इस फिल्म का टिकट कटाएं।

## गोल्डन ग्लोब्स फैशन में सेलेना-प्रियंका टॉप पर

अपने फैंस के दिलों पर राज करने वाली सेलेना गोमेज और प्रियंका चोपड़ा गोल्डन ग्लोब्स को लेकर जारी की गई रेड कार्पेट पावर रैंकिंग में भी टॉप पर हैं। टॉप 5 वुमन्स ऑन द रेड कार्पेट की इस कैटेगरी में पहले नंबर पर सेलेना गोमेज हैं। उन्हें और उनके फैशन को 7.2 मिलियन डॉलर एमआईवी (मीडिया इम्पैक्ट वैल्यू) मिली है। जबकि प्रियंका के फैशन और ज्वैलरी को दूसरा व चौथा स्थान प्राप्त हुआ। उन्हें 5.9 मिलियन और 4.9 मिलियन डॉलर एमआईवी मिली।





THE MAN WHO KILLED GANDHI
MUST WATCH PLAY FOR EVERY INDIAN ! DON'T MISS !!
नथुराम गोडसे को मरना होगा
PARITOSH PAINTER Presents
Produced By SEJAL DIPAK PAINTER
Written & Directed By BHARAT DABHOLKAR
THE MOST EXPLOSIVE PLAY EVER
Adapted from Original play by PRADIP DALVI
17TH & 18TH JANUARY
TODAY & TOMORROW AT 3.30 PM & 6.30 PM AT THE KAMANI AUDITORIUM, MANDI HOUSE
TICKETING PARTNER: bookmyshow
FOR BULK BKG & SHOWS CONTACT: 7506732495 / 8879206331







TALK TO TOYOTA TOLL FREE 1800-309-0001
Toyota Mobility Service — Individual Subscription, Corporate Leasing
TOYOTA FINANCIAL SERVICES
TASSIST | TSECURE | TOYOTA U TRUST Buy | Sell | Exchange - Used car | TCARE | TGLOSS

| WEST DELHI | | | SOUTH DELHI | | | NORTH DELHI | | NOIDA | | GURUGRAM | | | | FARIDABAD |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| GALAXY | MGF | GALAXY | ESPIRIT | GALAXY | GALAXY | GALAXY | SATYAM | ESPIRIT | ESPIRIT | MGF | MGF | MGF | IJM | THIRTY SIX |
| Moti Nagar Crossing 8448293658, 418 77 777 | Shivaji Place, District Centre, Ring Road, Raja Garden 9289007449, 8929904428, 9311079716 | Dwarka, Nr. Sec-9 Metro Station 7838193193, 434 77 777 | Mathura Road, N.Delhi 7290064952, 1800 103 5686 | G-1 Station Box, Chattarpur Metro Station 9870191014, 66763666 | Ring Road, Opp. Moolchand Hospital, Lajpat Nagar-IV 9599788513, 465 77 777 | Shalimar Place, Outer Ring Road, Nr. Rohini 9599788514, 400 11 111 | Netaji Subhash Place, Pitampura 9266774644 | D-37 & 38, Surajpur Site-4, Kasna, Gr. Noida 7290095001, 9654999635, 1800 103 5686 | D-11, Sec-8, Noida 7290095001, 9654999635, 1800 103 5686 | MGF Mega City Mall, M.G. Road, Gurugram 9289007445, 9289007446, 0124-4603333 | Global Foyer Mall, Golf Course Road, Sec-43 9289007447, 0124-4596800 | Sector-50, Golf Course Extn. Road, Gurugram 9289007448, 0124-4415566 | Boulevard II, Sector-47 Gurugram Sohna Road 9512295122, 9289670701 | 14/7, Main Mathura Road, Faridabad 8800333636, 0129-4293636 |

TSPARSH ESPIRIT TOYOTA: BULANDSHAHR- 7290095001, SIKANDRABAD- 7290095001, JEWAR- 7290095001, GALAXY TOYOTA: MUNDKA- 9599624698, NARELA- 9999534551, NAJAFGARH- 9266753380, IJM TOYOTA: PATAUDI- 9512295122, SOHNA- 9512295122, MGF TOYOTA: FARRUKH NAGAR (NEAR ANAJ MANDI)- 9599121800, MANESAR (NEAR IMT CHOWK)- 9599121800, THIRTY SIX TOYOTA: HODAL (MAIN MARKET)- 8199900183, HATHIN (RAJA JI MARKET)- 7988274475, TIGAON (BHUAPUR)- 8800790130, BALLABGARH (NEAR ESCORTS MUJESAR)- 8800790081

*Terms & conditions apply on all schemes & offers. Benefits applicable on select 2025 Models and variants only. Offer valid till 31st January 2026. Fuel efficiency as certified by Test Agency under rule 115 of CMVR, 1989 under standard test conditions. Actual mileage on road may vary. Ex-showroom price. Finance at the sole discretion of Financier. Scheme inclusive of Exchange and Corporate/Government/Exclusive Community/Extended Warranty/Other Benefits. Scheme applicable on select stocks & variants. Exchange Benefits applicable at U Trust locations only. Creative visualization. Digitally created visual. Picture of vehicle was not taken while driving. Accessories shown may not be part of standard equipment. SUNDAY OPEN

CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 17-01-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAJT1 User: cci Time: 01-16-2026 23:02 Color:



सिर चकरा देगी वीर दास की यह खतरनाक जासूसी
देखें अंदर

NBT गाज़ियाबाद THA Times OF INDIA
नवभारत टाइम्स । गाजियाबाद । शनिवार, 17 जनवरी 2026



लखनऊ ने जीती बास्केटबॉल चैंपियनशिप
देखें अंदर



CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 17-01-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAJT2 User: lokendra.sharma Time: 01-16-2026 18:52 Color:




STRATEGICALLY LOCATED AT THE CROSSROADS OF NCR'S FUTURE

PREMIUM PLOTTED LIVING WITH COMPLETE OWNERSHIP FREEDOM

SEAMLESS CONNECTIVITY VIA UER II,NH-22 & KMP EXPRESSWAY

CURATED AMENTITIES FOR WELLNESS, LEISURE & COMMUNITY LIVING

INFRASTRUCTURE FIRST PLANNING FOR LONG TERM VALUE

ONE PRASTHA
BUILD • BETTER • BEYOND

THE ELITE RESIDENCES

HRERA-PKL-SNP-785-2025

+91 81008-84008

www.oneprastha.com

@oneprastha

Disclaimer: This advertisement is for information purposes only and does not constitute an offer or invitation to offer. All images, plans, specifications, and amenities are artistic impressions and subject to approval and change as per developers. Please verify all details independently.


CCI NG 3.7 Product: DelhiMasalamixBS PubDate: 17-01-2026 Zone: TIMSTHA Edition: 1 Page: HDTHAFP User: cci Time: 01-16-2026 23:07 Color:



अपने विवादित शब्दों पर हनी सिंह ने मांगी माफी p4

NBT गाज़ियाबाद Times OF INDIA THA

नवभारत टाइम्स | गाजियाबाद | शनिवार, 17 जनवरी 2026



श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह प्रसंग सुनाया P2

# फोन की घंटी बजते ही लगता है बेटे की खबर आ गई...

## पिता बोले - केतन की कोई खबर न आने से तनाव में है पूरा परिवार

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

अमेरिका-ईरान में उपजे युद्ध के हालातों के बीच ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर कोस्ट गार्ड्स की ओर से गिरफ्तार वीएलसीसी कॉलोनी निवासी मरीन इंजीनियर केतन मेहता के बारे में शुक्रवार को भी कोई जानकारी नहीं मिली। इस कारण परिवार के लोगों का तनाव बढ़ता जा रहा है। केतन के पिता मुकेश मेहता का कहना है कि वह और केतन की मां पूरे दिन फोन पर घंटी बजने और ईमेल आने का इंतजार करते रहते हैं। फोन की घंटी बजते ही लगता है कि उनके बेटे की खबर आई है। न तो भारत सरकार और न ही जिस कंपनी में बेटा काम करता है उसकी ओर से कोई जानकारी दी गई। भोपुरा की वीएलसीसी कॉलोनी निवासी और दुबई की तेल कंपनी में मरीन इंजीनियर थर्ड केतन मेहता को ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट से 6 जनवरी को कोस्ट गार्ड्स ने गिरफ्तार किया था। इसकी जानकारी 7 जनवरी को परिवार को दी गई थी। इसके बाद इंजीनियर केतन मेहता के पिता ने भारतीय विदेश मंत्रालय और प्रधानमंत्री से उनके बेटे को सुरक्षित भारत लाने के लिए मदद की गुहार लगाई है। बता दें कि, केतन दुबई की तेल कंपनी MT BRILLIANT ROAR में थर्ड इंजीनियर हैं। यह कंपनी Prime Tanker LLC की ओर से पिछले काफी समय से ईरान से तेल लाने का कार्य करती है।



केतन की मां पूरे दिन फोन पर घंटी बजने और ईमेल का इंतजार करते रहते हैं



### केतन से 31 दिसंबर से नहीं हुई बात

मुकेश मेहता ने बताया कि जून 2025 में मरीन इंजीनियर के रूप में कंपनी जॉइन की थी। इधर, 31 दिसंबर को केतन ने फोन कर बताया था उनकी कंपनी के जहाज ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर डीजल लेने आए हैं। 6 जनवरी को जानकारी मिली कि बंदरगाह पर कोस्ट गार्ड ने कार्रवाई करते हुए उनके बेटे समेत 16 क्रू मेंबर को गिरफ्तार कर लिया था।

# ईरान से भारतीयों को लेकर हिंडन आ सकता है विमान

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए





■ एयरपोर्ट पर सुरक्षा की दृष्टि से बढ़ाई जाएगी सुरक्षाकर्मियों की संख्या
■ फोटो लेने और वीडियो बनाते पकड़े जाने पर कानूनी कार्रवाई होगी

अमेरिका-ईरान में चल रहे तनाव के बीच कहा जा रहा है भारत सरकार की ओर से भेजा गया विमान भारतीय नागरिकों को लाकर हिंडन एयरपोर्ट पर उतर सकता है। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से हिंडन एयरपोर्ट से सफर करने वाले लोग अब एयरपोर्ट या रनवे का वीडियो और फोटो मोबाइल में कैद नहीं कर पाएंगे। यदि कोई ऐसा करते हुए पकड़ा जाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिस एयरलाइंस कंपनी के यात्री होंगे उनकी भी जवाबदेही तय होगी। इसके लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की भी मांग की गई है। वर्तमान समय में हिंडन एयरपोर्ट पर 150 से अधिक सुरक्षाकर्मी मौजूद हैं। इनकी संख्या भी डबल करने की प्लानिंग की जा रही है। इसके लिए प्रस्ताव बनाकर मुख्यालय भेजा गया है। हालांकि हिंडन से यात्रा करने के दौरान पहले ही यात्रियों को निर्देश दिए जाते हैं कि किसी भी तरह की तस्वीरें अपने कैमरे में कैद न करें, लेकिन अब यह व्यवस्था एयरपोर्ट के अंदर भी लागू होगी। जहां कोई फोटो खींचने की मनाही होगी। पिछले दिनों एयरपोर्ट के अंदर की और रनवे का फोटो वीडियो वायरल होने के बाद यह फैसला किया गया है।

### NBT से जुड़ें

अपने सेक्टर, सोसायटी, कॉलोनी, स्कूल-कॉलेज या संस्थान से जुड़ी कोई खबर एनबीटी तक पहुंचाना चाहते हैं तो 9266462955 पर वॉट्सऐप करें। QR कोड स्कैन करके भी मैसेज भेज सकते हैं। अपना और इलाके का नाम लिखें। शुरुआत में #GZB लिखें।

### हेल्पलाइन नंबर 24/7

112
पुलिस, एंबुलेंस और फायर संबंधी सूचना दें, तुरंत मिलेगी सहायता

पुलिस कंट्रोल रूम
0120-2820758

ट्रैफिक कंट्रोल रूम
9643322904

नगर निगम गाजियाबाद हेल्पलाइन नंबर-टोल फ्री नंबर
1800 1803 012

बिजली विभाग इमरजेंसी
9193320115

डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल इमरजेंसी
8826294546

फायर कंट्रोल
0120-2777102
9454418348

## फटाफट खबरें

### कोहरे के कारण डेढ़ घंटे लेट रही उड़ान

■ NBT रिपोर्ट, टीएचए : कोहरे के कारण शुक्रवार को 3 उड़ानें डेढ़ घंटे देरी से उड़ी। इस कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा। पिछले कुछ दिनों से फॉग के कारण इस तरह की परेशानियां हो रही हैं, क्योंकि विजिबिलिटी काफी लो होती है सुबह के समय। फॉग खत्म होने में भी 11 से 12 बज जाते हैं। हिंडन एयरपोर्ट अथॉरिटी के निदेशक डॉ. दिलशाद महेश ने बताया कि फॉग के कारण अहमदाबाद, कोलकाता और मुंबई की उड़ानें लेट रहीं। अहमदाबाद की उड़ान डेढ़ घंटे, कोलकाता और मुंबई की उड़ान एक-एक घंटे लेट रहीं।

### तीन बदमाशों को किया जिलाबदर

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद : संगीन अपराध करने वाले तीन बदमाशों को अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एवं यातायात की कोर्ट ने जिलाबदर किया है। एक अपराधी को थाना हाजिरी के आदेश दिए हैं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त कानून व्यवस्था एवं यातायात आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि लिंकरोड के सोनू, टीलामोड़ के रोहन और ट्रॉनिका सिटी के बिट्टू को जिलाबदर किया है। इनके खिलाफ लूट, चोरी, छिनैती के मुकदमे दर्ज हैं।

### खोड़ा में गंगाजल के सभी 10 सैंपल पास

■ NBT रिपोर्ट, खोड़ा : खोड़ा में पीने के पानी की गुणवत्ता को लेकर स्वास्थ्य विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम की ओर से खोड़ा के अलग-अलग इलाकों से गंगाजल के 10 सैंपल लिए गए थे। इसकी जांच रिपोर्ट शुक्रवार को मिली, जिसमें सभी सैंपल मानकों पर खरे पाए गए हैं। इनमें से एक भी सैंपल फेल नहीं हुआ, जिससे निवासियों ने राहत की सांस ली है। इस पर नगर पालिका की टीम ने बताया कि इन सैंपलों को खोड़ा में जल आपूर्ति करने वाले टैंकरों से लिया गया था, जिससे यह सुनिश्चित किया जा सके कि घरों तक पहुंचने वाला पानी पीने योग्य है या नहीं।

## खोड़ा में बिना मंजूरी के 4-5 मंजिला मकान बनवा रहे लोग

# अवैध निर्माण रोकने के लिए नियमों की मंजूरी का इंतज़ार

Madhuri.sengar
@timesofindia.com


■ खोड़ा : खोड़ा में मकान बनवाने के लिए कोई नियम नहीं है। यहां न कोई नक्शा पास कराना है और न किसी प्रकार के नियमों का पालन करना है। लोग 4-5 मंजिला मकान बिना स्ट्रक्चरल नियमों का पालन किए बनवा रहे हैं और मौका मिलते ही बेसमेंट तक निकाल रहे हैं, जो कभी भी भरभराकर गिर सकते हैं। हालांकि, अब खोड़ा नगर पालिका ने भवन निर्माण के नियमों को लेकर बायलॉज (मकान निर्माण से संबंधी कानून) शासन को सौंपी है और इसमें अप्रूवल का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि नगर पालिका द्वारा भेजी गई उपविधि को 2 दो बार प्रशासन रिजेक्ट कर चुका है। 6 मकानों की शिकायत के बाद निर्माण पर रोक भी लगाई है और एक मकान को बनाते हुए तोड़ा भी गया है। पालिका के ईओ का कहना है कि शासन से नियमों की मंजूरी का इंतजार है। इसके बाद भवन निर्माण नियमों के खिलाफ बने मकानों को चिह्नित कर कार्रवाई की जाएगी।

**05** लाख की आबादी है खोड़ा की, आवास बनाने का नियम नहीं

**10** हजार से अधिक 5-6 मंजिला मकान और 100 अवैध बेसमेंट बने हैं

**44** हजार से ज्यादा मकानों का पास नहीं करवाया गया है नक्शा

**06** मकानों की शिकायत के बाद निर्माण पर रोक, एक को तोड़ा भी गया



कुछ इस तरह लोगों ने करवाया है निर्माण, जल्द हो सकती है कार्रवाई

### हाल की गतिविधियां

नगर पालिका टीम ने बताया कि 44 हजार के आसपास यहां पर मकान बने हैं। करीब 10 हजार से अधिक 4-5 मंजिला मकान अवैध रूप से खड़े हो चुके हैं, जबकि 100 से ज्यादा स्थानों पर अवैध बेसमेंट बनाए गए हैं। इसी मनमानी को देखते हुए ईओ डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह ने हाल ही में इसी हफ्ते एक मकान को ध्वस्त करवाया है और साथ ही 6 निर्माणों पर रोक लगाई है। इन भवनों में न तो स्ट्रक्चरल सेफ्टी का ध्यान रखा गया है और न ही पार्किंग, सड़क की चौड़ाई या अग्नि सुरक्षा जैसे मानकों का पालन किया गया है।

### यह समस्या आ रही

लोगों ने बताया कि खोड़ा में अनियोजित निर्माण की समस्या लगातार बढ़ती जा रही। यहां लगभग 44 हजार हाउस होल्डर्स हैं, जिसमें किसी ने भी नक्शा पास नहीं करवाया है। ऐसे में लोगों ने मनमाने ढंग से निर्माण किया और आधी गलियां तक घेर ली हैं। इस अव्यवस्थित निर्माण के कारण इलाके में इमरजेंसी सेवाओं के लिए और सकरी गलियों से निकलने की जगह तक नहीं बची है। वहीं, निकासी व्यवस्था भी पूरी तरह से ठप्प है।

### पहले भेजे गए बायलॉज को इसलिए किया गया रिजेक्ट

इससे पहले भेजी गई बायलॉज में कई खामियां पाई गई थी, जिस कारण शासन ने उन्हें स्वीकार नहीं किया था। इसमें जमीन के स्वामित्व की स्पष्ट डिटेल न होना, टैक्स डिटेल की कमी, पानी व सीवर व्यवस्था का ठोस खाका न होना और मकानों की व्यवस्थित योजना न होना मुख्य कारण माना गया। सड़कों की चौड़ाई, पार्किंग व्यवस्था, खुले स्थान व आपातकालीन सेवाओं के लिए रास्तों की डिटेल में भी कमी थी।

### तीसरी बार भेजी उपविधि में कमियां दूर करने का दावा

नए प्रस्ताव में गंगाजल आपूर्ति की योजना, नई पाइपलाइन बिछाने, सीवरेज डिटेल को भी शामिल किया गया है। मकानों की संख्या व्यवस्थित प्रस्तुत करना, इसमें खोड़ा की सेक्टर प्रणाली को भी ऐड किया गया है। इस रिपोर्ट में निर्धारित पार्किंग जोन और हरित क्षेत्र का प्रावधान शामिल किया गया है। अग्निशमन और आपातकालीन सेवाओं के लिए अलग रास्ते और फायर सेफ्टी प्लान को भी शामिल किया गया है।



### इंतजार

शासन को भेजे गए बायलॉज, मंजूर होते ही लागू होंगे नियम

■ लोगों ने मनमाने ढंग से निर्माण किया और आधी गलियां तक घेर ली हैं
■ इलाके में इमरजेंसी सेवाओं के लिए और सकरी गलियों से निकलने की जगह नहीं

"वर्तमान में खोड़ा में कोई अलग भवन निर्माण नियमावली नहीं है। ऐसे में यहां उत्तर प्रदेश सरकार के सामान्य भवन निर्माण नियम लागू होते हैं, लेकिन लोग इन्हें भी मानने को तैयार नहीं हैं।"
- डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह, ईओ

"बोर्ड बैठक में मकान बनाने के नियमों को लागू करने के लिए भी प्रस्ताव रखा जाएगा। नक्शा पास कराने की प्रक्रिया सरल की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगेगा।"
- मोहिनी शर्मा, चेयरमैन


# नौकरी के लिए पैसे मांग झगड़ रहा था भाई, छोटे ने कर दी हत्या

■ NBT न्यूज, हापुड़

हापुड़ में 50 हजार रुपये देने से इनकार करने पर हुए विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई की चाकू मारकर हत्या कर दी। आरोप है कि आरोपी ने कई बार अपने भाई पर चाकू से हमला किया, जिसके चलते अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। वहीं, हत्या को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। हत्यारोपी भाई की तलाश के लिए पुलिस की 3 टीमें छापेमारी कर रही हैं।

बहादुरगढ़ के अंबेडकर नगर निवासी उमेश (32) अपनी पत्नी संगीता और दो छोटी बेटियों के साथ-साथ अपने छोटे भाई दीपांशु के साथ रहते थे। उमेश ही नौकरी कर परिवार का पालन-पोषण कर रहे थे। वह लंबे समय से नशा भी करते थे, जिसके चलते अक्सर पत्नी और परिजन से झगड़ा कर मारपीट भी करता था।

परिजन के अनुसार, गुरुवार देर रात उमेश शराब पीकर घर आया और पत्नी संगीता और परिजनों से 50 हजार रुपये मांगे। जब उन्होंने पैसे देने से मना कर दिया तो उमेश ने घर में तोड़फोड़ करने के साथ ही मारपीट शुरू कर दी। इसी बीच शोर सुनकर छोटा भाई दीपांशु बीच में आया और उसने मामले को शांत करना चाहा, लेकिन उमेश ने उसके साथ भी गालीगलौज कर हाथापाई शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि विवाद इतना बढ़ गया कि गुस्साए दीपांशु ने चाकू उठाकर उमेश की गर्दन और शरीर के अन्य हिस्सों पर कई वार कर घायल कर दिया। इससे गंभीर रूप से घायल होकर उमेश वहीं गिर गया। इसके बाद आरोपी छोटा भाई मौके से फरार हो गया। वहीं, परिजन ने पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने उमेश को हॉस्पिटल पहुंचाया, लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। परिजनों ने पहले घटना को छिपाने के लिए उसे आत्महत्या को दर्शाना चाहा, परंतु पुलिस के जांच करने पर मामला खुल गया।



उमेश का फाइल फोटो

### वारदात

■ गालीगलौज और मारपीट के बाद विवाद इतना बढ़ा कि चाकू से भाई पर कई वार किया घायल
■ हत्या करने के बाद आरोपी भाई हुआ फरार, तलाश में जुटी पुलिस की तीन टीमें
■ अच्छी नौकरी दिलाने को किसी ने मांगे थे 50 हजार

### यह है मामला

मृतक उमेश 2 साल पहले दिल्ली में एयरपोर्ट पर कर्मचारी था, लेकिन किसी कारण से नौकरी से निकाल दिया गया था। ऐसे में वह दूसरी जगह नौकरी कर घर चला रहा था। इसी बीच किसी ने अच्छी नौकरी दिलाने के लिए उससे 50 हजार रुपये की डिमांड की थी, जिस कारण वह 50 हजार मांग रहा था।

### पत्नी ने दी शिकायत

सीओ स्तुति सिंह, थाना प्रभारी धीरज मलिक सहित पुलिस बल घटनास्थल पर पहुंचे और घटना का निरीक्षण कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक की पत्नी संगीता ने देवर के खिलाफ थाने दी शिकायत।

### पत्नी की भूमिका संदिग्ध

पुलिस के अनुसार, घटना के वक्त पत्नी ने पुलिस को गुमराह करने की कोशिश की और अपने मायकेवालों को भी घटना की सूचना नहीं दी। इस कारण पत्नी भी संदेह के घेरे में है। इसकी पुलिस जांच कर रही है।

## खामियां मिलने पर 13 होटल, बैंक्विट हॉल को नोटिस

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन : दमकल विभाग ने होटल, बैंक्विट हॉल समेत अन्य ऐसे स्थान और बिल्डिंग की जांच की जहां भीड़भाड़ रहती है। मौके पर खामियां मिलने पर टीम ने उन्हें ठीक करने के निर्देश दिए। काम पूरा नहीं होने पर शुक्रवार को 13 संस्थानों को नोटिस जारी किए गए। कमियां दूर नहीं करने पर किम्बायर बैंक्विट हॉल पांडव नगर, प्रीतम फार्म हाउस गोविंदपुरम, मार्वल महल बैंक्विट हॉल पांडव नगर, रिवेरा बैंक्विट हॉल पुश्ता लोनी, लेखराज फार्म हाउस लॉन एक बंथला लोनी, लेखराज फार्म हाउस लॉन-दो बंथला लोनी, बंधन बैंक्विट हॉल पुश्ता लोनी, श्रीराम पैलेस इंदिरापुरी लोनी, दर्शन होटल खोड़ा, अलएक्स टाउन हाउस खोड़ा, बाबा बैंक्विट हॉल खोड़ा, इंविटेशन पैलेस मेन वजीराबाद रोड भोपुरा, ग्रांड आशीर्वाद होटल व बैंक्विट भोपुरा के संचालकों को नोटिस जारी किए हैं।

# मैनुअल लिफ्ट में फंस कर सफाईकर्मी की मौत

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

सिहानी गेट क्षेत्र के पटेलनगर स्थित एक बैंक्विट हॉल में सफाईकर्मी की सामान ढोने वाली मैनुअल लिफ्ट में फंसकर मौत हो गई। घटना गुरुवार की है। जब युवक घर नहीं पहुंचा तो उसकी तलाश शुरू हुई। शुक्रवार को जांच के दौरान बैंक्विट हॉल की लिफ्ट में उसका शव फंसा मिला।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, शुक्रवार सुबह पौने 11 बजे पटेल नगर स्थित रेड के, वेलवेट बैंक्विट हॉल के मैनेजर राजेश ने फोन करके सूचना दी कि उनके यहां काम करने के लिए आए एक युवक की मौत हो गई है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने जांच की। एसीपी नंदग्राम ने कहा कि मौके पर सिहानी गांव निवासी महेंद्र ने बताया कि मृतक युवक हापुड़ के गांव भटैल निवासी शिवकुमार (24) है। वह गाजियाबाद में अपने मौसी के बेटे के साथ रहता था। शिवकुमार 15 जनवरी की दोपहर करीब डेढ़ बजे बैंक्विट हॉल में सफाई का काम करने आया था। काम खत्म होने के बाद वह घर नहीं लौटा। देर रात तक संपर्क न होने पर परिजनों ने अपने स्तर पर उसकी तलाश की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद बैंक्विट हॉल में ढूंढा तो उसका शव लिफ्ट के नीचे फंसा मिला।

एसीपी नंदग्राम उपासना पांडेय ने बताया कि घटना के दौरान काम करने वाले सभी कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। एसीपी ने कहा कि बैंक्विट हॉल में लगी लिफ्ट की तकनीकी स्थिति के बारे में भी जांच की जा रही है।

### हादसा

■ सिहानी गेट क्षेत्र के पटेलनगर स्थित एक बैंक्विट हॉल में गुरुवार को हुई घटना
■ घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की तो बैंक्विट हॉल के लिफ्ट में फंसा मिला शव

# कारोबारी की आत्महत्या मामले में दंपती गिरफ्तार

■ NBT रिपोर्ट, ट्रांस हिंडन

साहिबाबाद क्षेत्र में रहने वाले एक कारोबारी ने लाखों रुपये डूबने से परेशान होकर 18 दिसंबर को खुद के गोदाम में ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्महत्या कर लिया था। मामले में साहिबाबाद पुलिस ने आरोपी दंपती को गिरफ्तार कर लिया है।

बता दें कि, 19 दिसंबर 2025 को साहिबाबाद थाने पर महिला ने शिकायत दी थी कि उनके पति निखिल तनेजा जिनका संगम सैंगरी (होटल) के साथ बिजनेस था। संगम सैंगरी के मालिक प्रीति नरूला व रोहित नरूला, मैनेजर अंकित त्यागी और कोषाध्यक्ष इनायत से उनके पति को काफी मोटी रकम लेनी थी। 16 दिसंबर 2025 को संगम सैंगरी के पास पैसे के लिए गए तो उन्होंने पैसे देने से साफ मना कर दिया और कहा कि दोबारा आए तो परिणाम अच्छा नहीं होगा। इन्हीं बातों से परेशान होकर पति ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर स्यूसाइड कर लिया था।

### कार्रवाई

■ खुद पर ज्वलनशील पदार्थ डालकर कारोबारी ने लगा ली थी आग
■ जीजा को भेजा था स्यूसाइड नोट, पत्नी ने दर्ज कराया था मुकदमा

गिरता भूजल स्तर | मानसून से पहले गिरते भूजल स्तर को सुधारने की दिशा में कदम उठा रहा है निगम

# 2 करोड़ से निगम बनाएगा 145 वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम

■ NBT रिपोर्ट, गाजियाबाद

शहर में लगातार गिरते भूजल स्तर को सुधारने के लिए निगम ने बड़ा कदम उठाया है। निगम शहर के अलग-अलग इलाकों में 145 स्थानों पर वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम लगाएगा। इसके अलावा इस साल 35 तालाबों को रीचार्ज करने का भी लक्ष्य रखा गया है।

हाल ही में नगर निगम को केंद्र सरकार के जल शक्ति मंत्रालय से दो करोड़ रुपये की धनराशि मिली है। 15वें वित्त आयोग की बैठक के बाद निगम इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू करेगा। नगर निगम के शहरी क्षेत्र में सिटी जोन विजयनगर, कविनगर, वसुंधरा और मोहननगर जोन शामिल हैं। इन सभी जोन में भूजल स्तर नीचे जा रहा है।



**शहर में 11 हजार वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम :** केपी आनंद ने बताया कि जिले में कुल 11 हजार वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम हैं। इनमें से एक हजार वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम नगर निगम के पास है। बाकी वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम अलग-अलग सोसायटियों में लगे हैं। 5 जोन में से 4 जोन सिटी, लोनी, भोजपुर और रजापुर में भूजल स्तर तेजी से गिर रहा है। शहरी क्षेत्र में 7 साल में भूजल स्तर करीब 9 मीटर नीचे गया है।

### सात साल का प्री मानसून भूजल स्तर

| क्षेत्र | 2018 | 2019 | 2020 | 2021 | 2022 | 2023 | 2024 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शहर | 25.23 | 27.52 | 28.93 | 29.02 | 29.09 | 30.96 | 34.04 |
| लोनी | 19.48 | 18.30 | 17.98 | 19.11 | 23.96 | 24.70 | 27.21 |
| रजापुर | 18.93 | 19.26 | 19.61 | 20.10 | 21.15 | 25.87 | 25.69 |
| भोजपुर | 10.73 | 10.46 | 10.64 | 11.61 | 10.21 | 10.54 | 10.07 |
| मुरादनगर | 7.04 | 6.71 | 6.16 | 6.14 | 5.50 | 5.04 | 6.51 |

(नोट: दिए गए आंकड़े मीटर में हैं)

### 350 फुट की गहराई पर मिल रहा पानी

पिछले तीन साल में भूजल स्तर तेजी से गिरा है। अब कई इलाकों में 300 से 350 फुट की गहराई पर पानी मिल रहा है। भूजल स्तर गिरने के कारण कई नलकूप फेल हो रहे हैं और जलापूर्ति पर असर पड़ रहा है।

### हैपी मॉर्निंग

भंडारे में दूसरों को टरकाकर अपनी पहचान वालों को फूली हुई पूड़ियां देना भी एक तरह का घोटाला है...!

### हमारा पता

एनबीटी गाजियाबाद
13/1, साहिबाबाद इंडस्ट्रियल एरिया, साइट-4
email: nbtreader@timesofindia.com

**NOTE : -**

**[ : राजस्थान पत्रिका , दैनिक जागरण delhi, नवभारत टाइम्स delhi, अमर उजाला delhi, हिन्दुस्तान delhi, Pioneer hindi delhi, जनसत्ता delhi, ]**

**English NEWSPAPERS**
**[ Times Of India delhi, Indian Express delhi, The Hindu delhi, Financial Express delhi, economic times delhi , the Pioneer english delhi , the tribune delhi ] ETC.**

We are providing all news paper pdf hindi and English want to read daily newspapers by pdf please msg me on telegram

2. आकाशवाणी (AUDIO)

whatsapp Group ka link pane ke liye
Newspaper_pdf_bot par jaye.

**Click here to contact:-https://t.me/Newspaper_pdf_bot**
**Or type in Search box of Telegram**
@Newspaper_pdf_bot And you will find a channel
**BACKUP GROUP LINK**
**https://t.me/joinchat/5P9EL1JaqoYzNTI1**

# Hindi-English News Paper Website:- onlineftp.in